बुधवार, 26 फरवरी 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 20 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 6:00 | सूर्यास्त: 17:38 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जिस व्यक्ति के पास कल्पना नहीं है उसके पास पंख नहीं हैं।



मध्य प्रदेश को निवेशक सम्मेलन में 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले: मुख्यमंत्री यादव -पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ट्रॉली बैग में सास की सिर कटी लाश गंगा में फेंकने की कोशिश

## कुम्हारटुली घाट के पास बहू और उसकी मां गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा:** कोलकाता के कुम्हारटुली घाट पर मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब दो महिलाएं एक नीले रंग के ट्रॉली बैग को गंगा नदी में फेंकने की कोशिश कर रही थीं। स्थानीय लोगों को उनकी हरकतें संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और बैग खोला गया, तो उसमें एक महिला का शव बरामद हुआ, जिसके पैर कटे हुए थे।

पुलिस ने तुरंत दोनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान फाल्गुनी घोष और उनकी मां आरती घोष के रूप में हुई है, जबकि मृतका की पहचान सुमिता घोष (55) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, सुमिता घोष फाल्गुनी की फुफेरी सास थीं।



### हत्या के बाद शव के टुकड़े किए

पुलिस पूछताछ में फाल्गुनी ने बताया कि सोमवार शाम सुमिता घोष मध्यमग्राम स्थित उसके किराए के घर आई थीं, जहां वह अपनी मां आरती के साथ रहती थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद फाल्गुनी ने गुस्से में ईंट से सुमिता पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हत्या के बाद जब उसकी मां घर लौटी, तो उन्होंने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। शव को ट्रॉली बैग में फिट करने के लिए उन्होंने मृतका के पैरों के कुछ हिस्सों को काट दिया। इसके बाद वे शव को लेकर कोलकाता आ गईं और प्रिंसेप घाट पहुंचीं, लेकिन वहां भीड़ देखकर कुम्हारटुली घाट चली गईं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया।

### लोकल ट्रेन का टिकट और टैक्सी ड्राइवर का बयान

पुलिस को महिलाओं के पास से सियालदह-हासनाबाद लाइन के काजीपाड़ा स्टेशन का एक लोकल ट्रेन टिकट मिला है, जिससे संदेह गहराया कि वे दूर से आकर कोलकाता में शव ठिकाने लगाने की कोशिश कर रही थीं। टैक्सी चालक ने भी बताया कि ये दोनों महिलाएं पहले प्रिंसेप घाट गई थीं, लेकिन वहां से लौटकर कुम्हारटुली घाट पहुंचीं।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया, जिसमें कई चौंकाने वाली बातें सामने आईं:

- मृतका के गले, दोनों हाथों और सिर पर गहरे जख्मों के निशान थे।
- सिर के दाईं ओर गहरी चोट और सिर पर कई अन्य जगहों पर चोटों के निशान मिले।
- दोनों पैरों की एड़ियों पर कटे हुए घाव पाए गए, जो पोस्टमॉर्टम के बाद के प्रतीत होते हैं।
- खोपड़ी के अंदर खून जमा हुआ पाया गया।
- हालांकि, कोई लहूलुहान घाव नहीं मिला।
- मृत्यु पोस्टमॉर्टम के 48 घंटे पहले हुई बताई गई है।
- अंतिम राय रासायनिक परीक्षण रिपोर्ट आने तक लंबित रखी गई है।

### हत्या का मकसद और जांच जारी

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मृतका वहां क्यों आई थीं और झगड़े की असली वजह क्या थी। पुलिस को संदेह है कि हत्या संपत्ति विवाद से जुड़ी हो सकती है, क्योंकि मृतका की कोलकाता और असम के जोरहाट में कुछ संपत्ति होने की जानकारी मिली है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

फाल्गुनी काफी समय से अपने ससुरालवालों से अलग अपनी मां के साथ रह रही थी। पुलिस अब मृतका के परिवार और अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। साथ ही, यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या हत्या पहले से ही सुनियोजित थी।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने पुलिस वाहन को घेरकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि गिरफ्तार महिलाएं हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को गंगा में बहाने आई थीं। उन्होंने मांग की कि आरोपियों को उनके हवाले किया जाए।

फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोनों महिलाओं से लगातार पूछताछ जारी है।

## महाकुंभ में मारे गए लोगों के परिवारों को योगी को मुआवजा देना चाहिए : ममता

- मुख्यमंत्री ने महाकुंभ मेला 144 साल के अंतराल के बाद होने के दावे पर उठाया सवाल
- मैंने अपने जीवन में कभी किसी धर्म का अपमान नहीं किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि चल रहे कुंभ मेले के दौरान कई लोगों की जान चली गई और मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित किए गए मुआवजे को तुरंत जारी करे। उन्होंने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस साल का महाकुंभ मेला 144 साल के अंतराल के बाद हो रहा है और विशेषज्ञों से इस दावे की सत्यता की पुष्टि करने का आग्रह किया। ममता ने गंगासागर मेले में वार्षिक समागम के दौरान अपनी सरकार की रणनीतियों और नियोजन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं शादी समारोह का आयोजन कर रही हूं, तो मुझे मेहमानों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ऐसा करना चाहिए। धार्मिक समागमों के लिए भी हमें उसी नियोजन और व्यवस्था का पालन करना चाहिए। हमने (कुंभ मेले में) नियोजन (की कमी) के बारे में बात की है और उस बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। मैंने अपने जीवन में कभी किसी धर्म का अपमान नहीं किया है और न ही कभी करूंगी। दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन अगर अधिकारियों के पास उचित योजना नहीं है, तो इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है, ममता ने 2011 में शहर के एक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जिसमें 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि हम पोस्टमार्टम पूरा होने तक पूरी रात जागते रहे। हमने उसी रात मृत्यु प्रमाण पत्र, मुआवजा और प्रतिपूरक नियुक्ति पत्र जारी कर दिए। ममता ने यूपी सरकार पर दुर्घटनाओं में मारे गए कुंभ तीर्थयात्रियों को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमें (पश्चिम बंगाल सरकार) यहां भेजे गए शवों का पोस्टमार्टम करने और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए मजबूर किया गया। मुझे नहीं पता कि अन्य राज्यों ने क्या किया है। केंद्र की भाजपा सरकार का स्पष्ट संदर्भ देते हुए ममता ने आरोप लगाया कि प्रयागराज में चल रहे समागम के दौरान विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई मौतों की संख्या की रिपोर्टिंग करते समय उसने मीडिया को नियंत्रित किया। गंगासागर एक वार्षिक आयोजन है, लेकिन महाकुंभ हर 12 साल में होता है। पिछला कुंभ मेला 2014 में हुआ था। अगर मैं गलत हूं तो कृपया मुझे सुधारें। लेकिन यह कहना गलत है कि यह महाकुंभ 144 वर्षों में हो रहा है।

### शिवरात्रि और होली में शांति बनाए रखने की अपील

ममता ने लोगों को शिवरात्रि और आगामी डोलयात्रा (मार्च में) त्योहारों के लिए शुभकामनाएं दीं और लोगों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया क्योंकि रमजान के लिए महीने भर का उपवास 1 मार्च से शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि हमें एक-दूसरे के साथ सहयोग करना चाहिए। धर्म व्यक्ति का होता है लेकिन त्योहार सभी का होता है। मैं सभी समुदायों, धर्मों, जातियों और पंथों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील करूंगी।

### सीबीएसई 2026 से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार आयोजित करेगा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करने से जुड़े मसौदा नियमों को मंगलवार को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि मसौदा नियमों को सार्वजनिक मंच पर डाला जाएगा और हितधारक नौ मार्च तक अपनी राय दे सकते हैं, जिसके बाद नीति को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मसौदा नियमों के मुताबिक, 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का पहला चरण 17 फरवरी से छह मार्च 2026 तक, जबकि दूसरा चरण पांच मई से 20 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दोनों परीक्षाओं में पूरा पाठ्यक्रम शामिल होगा। छात्रों को दोनों चरणों के लिए एक ही परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा। परीक्षा शुल्क में वृद्धि की जाएगी और आवेदन दाखिल करते समय छात्रों से दोनों परीक्षाओं का शुल्क लिया जाएगा। अधिकारी के अनुसार, बोर्ड परीक्षा का पहला और दूसरा चरण पूरक परीक्षा के रूप में भी काम करेगा और किसी भी परिस्थिति में कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

## 1984 सिख विरोधी दंगा मामला: पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगे से जुड़े हत्या के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की कथित हत्या के मामले में यह फैसला सुनाया। शिकायतकर्ता जसवंत की पत्नी और अभियोजन पक्ष ने कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की थी। हत्या के अपराध में अधिकतम सजा मृत्युदंड होती है, जबकि न्यूनतम सजा आजीवन कारावास होती है। अदालत ने 12 फरवरी को कुमार को



अपराध के लिए दोषी ठहराया और मृत्युदंड की सजा वाले मामलों में ऐसी रिपोर्ट के अनुरोध के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर तिहाड़ केंद्रीय जेल से कुमार के मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन पर रिपोर्ट मांगी। कुमार

**सज्जन कुमार की वृद्धावस्था, बीमारियों को देखते हुए उन्हें मौत की सजा नहीं दी गई : अदालत**

फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। पंजाबी बाग थाने ने मामला दर्ज किया था हालांकि बहुत बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले लिया। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि घातक हथियारों से लैस एक बड़ी भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सिखों की संपत्ति को नष्ट किया।

## सीबीआई ने 6600 करोड़ रुपये के 'गेनबिटक्वाइन क्रिप्टोकरेंसी' घोटाले को लेकर 60 स्थानों पर छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 6600 करोड़ रुपये के 'गेनबिटक्वाइन क्रिप्टोकरेंसी' घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को 60 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर और बेंगलुरु समेत कई शहरों में छापेमारी की गई, जिसमें कथित तौर पर प्रमुख आरोपियों से जुड़े परिसरों को लक्षित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख वेबसाइट 'डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गेनबिटक्वाइन डॉट कॉम' समेत कई मंचों के माध्यम से यह पोंजी घोटाला किया गया और इसकी पूरी साजिश कथित रूप से अमित भारद्वाज (अब दिवंगत) और उसके भाई अजय भारद्वाज ने रची थी। उन्होंने बताया कि 2015 में शुरू किया गया यह अवैध कारोबार 'वेरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से चल रहा था। सीबीआई ने बताया कि इस योजना के तहत निवेशकों को 18 महीने की अवधि में बिटक्वाइन पर प्रति माह 10 प्रतिशत का असाधारण रिटर्न देने का लालच दिया गया और उन्हें बाहरी एक्सचेंजों से डिजिटल मुद्रा खरीदने और 'क्लाउड माइनिंग' अनुबंधों के




माध्यम से इसे 'गेन बिटक्वाइन' में जमा करने के लिए कहा गया। प्रवक्ता ने कहा, ''यह मॉडल बहु-स्तरीय विपणन (नेटवर्किंग मार्केटिंग-एमएलएम) संरचना पर काम करता है, जो सामान्यतः पिरामिड संरचित पोंजी योजनाओं से जुड़ा होता है, जहां भुगतान नए निवेशकों को लाने पर निर्भर होता है।'' प्रारंभिक दिनों में निवेशकों को 'बिटक्वाइन' में भुगतान मिलता था, जिससे यह एक आकर्षक उद्यम होने का भ्रम पैदा हुआ। हालांकि, 2017 तक नई पूंजी का प्रवाह कम होने के साथ ही यह दिखावा (भ्रम) टूटने लगा। बयान में कहा गया है, ''घाटे की लीपापोती करने के प्रयास में, 'गेनबिटक्वाइन' ने एकतरफा ढंग से भुगतान को अपने कथित 'इन-हाउस क्रिप्टोकरेंसी' में बदल दिया, जिसका मूल्य 'बिटक्वाइन' की तुलना में काफी कम था, जिससे निवेशक और अधिक भ्रमित हो गए।''

## केंद्र भाषा युद्ध के बीज बो रहा है, अपने राज्य पर हिंदी नहीं थोपने देंगे: स्टालिन

**चेन्नई :** द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को केंद्र पर राज्य में हिंदी थोपकर 'भाषा युद्ध के बीज बोने' का आरोप लगाया और कहा कि हिंदी के वर्चस्व की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्टालिन ने कहा कि उनका राज्य किसी विशेष भाषा के खिलाफ नहीं है और किसी भी भाषा को सीखने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के रास्ते में नहीं आएगा, लेकिन वह किसी भी अन्य भाषा को मातृभाषा तमिल पर हावी होने और उसे नष्ट करने की अनुमति नहीं देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्टालिन ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में कहा, ''यही कारण है कि हम द्विभाषी नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भारत के कई राज्यों ने भाषा नीति पर तमिलनाडु द्वारा निर्धारित मार्ग और उसके दृढ़ रुख को समझा है और उन्होंने अपनी



चिंताएं व्यक्त करना शुरू कर दिया है। हिंदी का वर्चस्व समाप्त नहीं होने तक इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आश्वासन देते हुए स्टालिन ने कहा, ''हम एक आंदोलन के वंशज हैं, जिसमें एक सिद्धांतवादी सेना थी जिसने तमिल की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।'' स्टालिन ने कहा कि 1965 से ही द्रमुक का अनेक बलिदान के माध्यम से हिंदी से मातृभाषा की रक्षा करने का इतिहास रहा है। 1971 में कोयंबटूर में द्रमुक की छात्र इकाई द्वारा आयोजित हिंदी विरोधी सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि वह बलिदान देने के लिए तैयार हैं।

### रुपया 47 पैसे लुढ़ककर 87.19 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अमेरिकी व्यापार शुल्कों को लेकर जारी अनिश्चितताओं के बीच आयातकों की मासांत की डॉलर मांग के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 47 पैसे लुढ़ककर 87.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की सतत निकासी ने भी रुपये की गिरावट में योगदान दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.83 पर कमजोर खुला और दिनभर गिरावट जारी रहने के बाद कारोबार के अंत में 87.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 47 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 86.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।'' मुद्रा बाजार 'महाशिवरात्रि' के मौके पर बुधवार को बंद रहेगा।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार ने इस्तीफा दिया

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सूचना सलाहकार और छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जुलाई में हुए विद्रोह में शामिल कार्यकर्ताओं द्वारा एक नयी राजनीतिक पार्टी शुरू करने से पहले यह कदम उठाया है। इस्लाम ने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, देश में मौजूदा स्थिति को देखते हुए एक नई राजनीतिक ताकत का उदय आवश्यक है। मैंने जनांदोलन को मजबूत करने के लिए सड़कों पर बने रहने के वास्ते सलाहकार परिषद से इस्तीफा दे दिया है। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को उखाड़ फेंकने वाले जुलाई विद्रोह के प्रमुख समन्वयकों में से एक, नाहिद ने कहा कि सरकार में बने रहने की तुलना में सड़क पर उनकी भूमिका अधिक महत्वपूर्ण प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि वह लोकतांत्रिक परिवर्तन के लिए लोगों की आकांक्षाओं के लिए काम करना चाहते हैं और इसलिए उन्होंने सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया।

### नौकरी के बदले जमीन 'घोटाला': अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके परिजनों को तलब किया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी, दोनों बेटों तथा दो बेटियों समेत कुछ परिजनों को नौकरी के बदले जमीन ''घोटाले'' के संबंध में तलब किया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके दोनों बेटों- बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राज्य के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, बेटी और संसद सदस्य मीसा भारती तथा बेटी हेमा यादव को भी तलब किया।

## आतंकवाद के प्रति हमेशा कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख रखेगा भारत: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक नयी बहुपक्षीय प्रणाली की स्पष्ट और तत्काल आवश्यकता है जो समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाती हो, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में मौजूदा संरचनाओं की गंभीर रूप से कमी उजागर हुई है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र में एक वर्चुअल संबोधन में, उन्होंने यह भी कहा कि भारत हमेशा आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की' नीति की वकालत करेगा और इसे सामान्य बनाने के किसी भी प्रयास का आह्वान करेगा। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर चर्चा करते हुए, जयशंकर ने कहा कि दुनिया संघर्षों से जूझ रही है और उभरती चुनौतियों के सामने यह



अधिक खंडित, अनिश्चित और अस्थिर होती जा रही है। उन्होंने कहा, ''एक बहुपक्षीय प्रणाली की स्पष्ट और तत्काल आवश्यकता है जो समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाती हो, जो आधुनिक चुनौतियों का जवाब देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो और, संक्षेप में, उद्देश्य के लिए उपयुक्त हो।'' जयशंकर ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में मौजूदा बहुपक्षीय संरचनाओं की गंभीर अपर्याप्तता उजागर हुई है। जब दुनिया को उनकी सबसे अधिक आवश्यकता थी, तो वे अपर्याप्त पाई गईं।'' जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा मानवाधिकारों के वैश्विक प्रचार और संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, ''हमारा दृष्टिकोण हमारे भागीदारों की प्राथमिकताओं के अनुरूप क्षमता निर्माण और मानव संसाधन तथा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा है जिसमें हमेशा वित्तीय जिम्मेदारी, पारदर्शिता और स्थिरता के सिद्धांतों को कायम रखा गया हो।'' जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर के देशों के साथ भारत की विकास साझेदारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ''साथ ही, हम आतंकवाद का मुकाबला करने में दृढ़ और अडिग रहे हैं। भारत हमेशा आतंकवाद के लिए कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति की वकालत करेगा और इसे सामान्य बनाने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा।''




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

9B, Wood Street: Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 South City Mall: Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 City Centre II, Rajarhat : Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 Howrah: JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 Vardaan Market: 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 Bagnan: Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 Durgapur: Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 Serampore: Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars Toll Free No. 1800 889 1704

## रॉक गार्डन पर अदूरदर्शितापूर्ण फैसला

कला के संरक्षण के लिये नीति-नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है। बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है। दशकों से रॉक गार्डन रचनात्मक मानवीय कला दृष्टि के प्रमाण के रूप में खड़ा है कि कैसे सकारात्मक सोच के साथ कचरे को आश्चर्यजनक कृति में तब्दील किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नेकचंद की इस अद्भुत कला से प्रेरित होकर देश-दुनिया के विभिन्न भागों में रॉक गार्डन की प्रतिकृति बनाने की भी प्रेरणा भी मिली। नेकचंद के जाने के बाद भी रॉक गार्डन कलात्मकता के एक जीवंत प्रमाण के रूप में विद्यमान है। ऐसे में समाज व प्रशासन का नैतिक दायित्व बनता है कि इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जाए।

यही वजह है कि सिटी ब्यूटीफुल के तमाम जिम्मेदार, सजग व संभ्रांत लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये आगे आए हैं। यह विडंबना कही जाएगी हम अपनी समृद्ध और कलात्मक विरासत के एक हिस्से को सड़क निर्माण और प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों के उपयोग के लिये बनायी जा रही पार्किंग के लिये खो देंगे। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि ध्वस्त की गई दीवार रॉक गार्डन में नेक चंद द्वारा बनायी गई मूल संरचना का हिस्सा नहीं थी। दीवार को ध्वस्त करने पर बचाव के लिये दिए जाने वाले तर्क तर्कशीलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। यदि यह तर्क स्वीकार भी कर लिया जाता है तो भविष्य में इस दलील के आधार पर इसके अन्य हिस्सों के अस्तित्व पर संकट मंडरा सकता है। निस्संदेह, किसी संरचना या सांस्कृतिक प्रतीक के महत्व को उसके ढांचे के रूप में नहीं बल्कि उसके साथ लोगों के सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में देखा जाना चाहिए। वास्तव में इस दीवार को तोड़ने के लिये दी जा रही दलीलों की तार्किकता कई स्तरों पर त्रुटिपूर्ण ही है। सबसे पहले, उच्च न्यायालय परिसर के आसपास यातायात की जो भीड़ उत्पन्न होती है, वह खराब प्रबंधन की देन है। इसमें रॉक गार्डन की संरचना की उपस्थिति की कोई भूमिका नहीं है। सही मायनों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन और शटल सेवाओं जैसे टिकाऊ विकल्पों की अनदेखी की गई है। इसके साथ उच्च न्यायालय द्वारा केस सूचियों के व्यवस्थित पुनर्गठन से भी यातायात संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए अदालत परिसर में दैनिक उपस्थिति को कम किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा दीवार को दूसरी जगह बनवाने और फिर पेड़ लगाने का वायदा पारिस्थितिकीय तंत्र के अपरिवर्तनीय नुकसान की भरपाई नहीं करता है। चंडीगढ़ की प्रसिद्ध पेड़ों की विरासत पहले ही अपनी आभा खोती जा रही है। ऐसे में सदियों पुराने पेड़ों को हटाना इसके पारिस्थितिकीय संतुलन के मद्देनजर एक आत्मघाती कदम ही हो सकता है। निस्संदेह, अदालतों को न्याय का संरक्षक माना जाता है। यदि वे सार्वजनिक विरासत और पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगी तो कौन करेगा? प्रगति के नाम पर अतार्किक नियोजन घातक साबित हो सकता है।

# राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रतीक हैं देवाधिदेव शिव



योगेश कुमार गोयल



भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?

इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, "जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।"

शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

# मोदी का मोटापामुक्त भारत :स्वास्थ्य-क्रांति का आधार



ललित गर्ग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरन्तर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किये हैं। विकसित भारत-नये भारत-सशक्त भारत का आधार स्वस्थ भारत ही है। मोदी युग ने स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मोटापे को नियंत्रित पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से अपने खाना पकाने के तेल की खपत को कम करने का आग्रह किया। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, जैसे दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज, स्ट्रोक, सांस लेने में समस्याएं और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे चिंता, तनाव और अवसाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। मोटापे को नियंत्रित करने की मुहिम एक सामयिक एवं सराहनीय कदम होने के साथ स्वास्थ्य-क्रांति का आधार है।

प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहनलाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए यह अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। मोदी की मोटापे नियंत्रण से जुड़ी इस जनोपयोगी पहल से देश मे मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे।

मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज़ गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार है।

अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है, सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी, तनावग्रस्त और रोगी बना रहता है। सेहत ही सबसे बड़ा धन है। ये बात जो लोग समझते हैं, वे अपनी सेहत के लिए बहुत सतर्क रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की सबसे बड़ी बाधा मोटापा है, जब कोई व्यक्ति ऊर्जा के रूप में उपयोग की जाने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी का उपभोग करता है, तो उसका शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत कर लेता है। इसी से मोटापा पनपता है। शारीरिक श्रम की कमी पेट पर मोटापा जमा होने का एक प्रमुख कारण है। आजकल की जीवनशैली में अधिकतर लोग 9-10 घंटों तक एक जगह बैठकर काम करते हैं और शारीरिक गतिविधि न के बराबर करते हैं। इससे शरीर में जमा हुई अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में कठिनाई होती है और ये कैलोरी मोटापे के रूप में बदल जाती है। तनाव और नींद की कमी भी मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, जो पेट के आसपास चर्बी जमा करने का काम करता है। नींद की कमी से मेटाबोलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर अधिक चर्बी जमा करने के लिए प्रेरित होता है। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल और पेय पदार्थ-विशेषकर वे जिनमें वसा और शर्करा की मात्रा अधिक होती है-वजन बढ़ने की अधिक संभावना रखते हैं।

लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते है, इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि स्वस्थ जीवनशैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातः भ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है कि मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं- शांति, प्रसन्नता और खुराक।' यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं।

मोटापे अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्तव्यस्त बना देता है। निरोगी लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की यह पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूकता पैदा करेंगी। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख है। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिये शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिये प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का यह संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

### अमेरिका: 21 संघीय तकनीकी कर्मचारियों ने मस्क की मदद करने के बजाय इस्तीफा दिया

**वाशिंगटन :** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अरबपति सलाहकार एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) से 20 से अधिक सिविल सेवा कर्मचारियों ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। उनके मुताबिक, वे महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को खत्म करने के लिए अपनी तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करने से इनकार कर रहे हैं। इक्कीस कर्मचारियों ने एक संयुक्त त्यागपत्र में लिखा, हमने अमेरिकी लोगों की सेवा करने और राष्ट्रपति प्रशासन में संविधान के प्रति अपनी शपथ को बनाए रखने का संकल्प लिया हुआ है। हालांकि, यह स्पष्ट हो गया है कि हम अब उन प्रतिबद्धताओं का सम्मान नहीं कर सकते। इस पत्र की एक प्रति समाचार एजेंसी 'एसोसिएटिड प्रेस' (एपी) के पास है।

### कांगो के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में अज्ञात बीमारी से 50 से अधिक लोगों की मौत

**किन्शासा (कांगो) :** उत्तर-पश्चिमी कांगो में एक अज्ञात बीमारी से अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहां मौजूद डॉक्टरों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय निगरानी केंद्र बिकोरो अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सर्ज नगालेबेटो ने बताया कि अधिकतर मामलों में लक्षण प्रकट होने और मृत्यु के बीच का अंतर महज 48 घंटे का है, जो वास्तव में चिंताजनक है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इस बीमारी का प्रकोप 21 जनवरी को शुरू हुआ और अब तक 419 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 53 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अफ्रीका कार्यालय के अनुसार, बोलोको शहर में बीमारी का पहला प्रकोप तब शुरू हुआ जब तीन बच्चों ने चमगादड़ के मांस का सेवन किया और रक्तस्रावी बुखार के लक्षणों के बाद 48 घंटों के भीतर उनकी मौत हो गई। लंबे समय से इस बात की चिंता रही है कि जंगली जानवरों का सेवन करने वाली जगहों पर जानवरों से इंसानों में बीमारियाँ फैल सकती हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 फरवरी, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 11:05 तक, नक्षत्र : श्रावण, 17:11 तक, योग : परिघा, 26:50 तक, सूर्योदय: 6:03, सूर्यास्त: 17:37, चन्द्रोदय : 04:45, चन्द्रास्त: 15:57, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 11:49 से 13:15

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। अपने सौन्दर्य और रहन-सहन पर काफी ध्यान देंगे। छात्र गुरुजनों के प्रति निष्ठाभाव रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी राय से लोग सहमत नहीं होंगे।

**वृष :** आज राजनीति से जुड़े लोगों को विजय मिल सकती है। सम्पत्ति विवाद सुलझाये जा सकते हैं। अपने सिद्धान्तों से किसी भी तरह का समझौता न करें।

**मिथुन :** आज यदि आपका व्यवसाय है तो लेनदेन पर नजर बनाये रखें। किसी विशेषज्ञ से भी सलाह लेना उचित होगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कर्क :** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपकी काफी सहायता करेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने शौक पर काफी धन खर्च करेंगे।

**सिंह :** आज आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। अविवाहितों को विवाह में परिणित करने का विचार बनायेंगे। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**कन्या :** आज कार्यशैली को नया रूप देने का प्रयास करेंगे। दोस्तों के साथ आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। अनुचित कार्यों में रुचि न लें। प्रेमी जन के प्रति काफी आकर्षित रहेंगे।

**तुला :** आज काम का दबाव कम होगा। धन सम्बन्धित कार्यों को लेकर आप निर्णय बदल सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति के कारण नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक :**आज आपको प्रशंसा मिलेगी। आपके सुझावों से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। छोटे बच्चों को अच्छी सीख दें।

**धनु :** आज किसी सहयोगी के कारण आपके काम अटक सकते हैं। घरेलू चिन्ताओं का असर काम पर पड़ सकता है। मन की उथल-पुथल को शान्त करने का प्रयास करें।

**मकर :** आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। दूसरों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। परिवार और कारोबार में सन्तुलन बनाकर रखें।

**कुम्भ :** आज पको सफलता मिलेगी। लोगों के साथ आप सम्वाद अच्छा रखें। विवाह जैसे आयोजनों के लिये खरीदारी कर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में नयापन देखने को मिलेगा।

**मीन :** रोजगार में बदलाव करने के लिये ठीक समय नहीं है। मित्रों से मदद लेने में संकोच न करें। आज युवा वर्ग को किसी नौकरी आदि के इन्टरव्यू में सफलता मिल सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3016

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| ■ | 23 | 24 | | ■ | 25 | | | ■ | |
| 26 | ■ | | ■ | 27 | ■ | ■ | 28 | 29 | ■ |
| 30 | | | | | | ■ | 31 | | |

⊃ ऊपर से नीचे:- 1) कल्याणकारी, 2) अकड़ना, 3) धूल; मिट्टी, 4) तैयार करना, 5) ज़बान, 6) लाभ; समृद्धि, 8) गधा, 12) हत्या, 13) ननिहाल, 15) महल, 17) पेचीदा, 18) तृतीय, 21) एक बड़ा त्यौहार, 22) निशाना, 24) खुले में, 26) शौहर, 27) परिणति; आख़िर, 29) प्रतीक्षा; मार्ग.

(उत्तर: अगले अंक में)

⊃ बायें से दायें:- 1) जिसके साथ किसी की मँगनी हुई हो (विवाह रस्म), 4) दंगा; विद्रोह, 7) रिश्वत; उपहार, 9) परिचारक; नौकर, 10) बोना (पौधा); चुपड़ना; नत्थी करना, 11) कवच, 13) आकाश, 14) उपदेश, 16) यज्ञकर्ता, 18) एक संख्या, 19) कमर, 20) हिम्मत, 21) तर्क; वादविवाद, 23) अफ़वाहबाज़; झूठा, 25) चंद्रमा, 28) पीतनील; एक रंग, 30) इधर-उधर फैला हुआ, 31) आराम; छुटकारा; निजात.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | नु | मा | न | ■ | वि | वे | क | ■ | का |
| थों | ■ | द | शा | न | न | ■ | ला | ■ | र्य |
| हा | ट | क | ■ | व | य | ■ | कं | ठ | स्थ |
| था | र | ■ | सा | ल | ■ | चं | द | ■ | ल |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | दा | ■ | सु | ■ |
| सू | ना | ■ | गि | न | ती | ■ | ■ | खा | ग |
| यों | ■ | ह | र | ■ | व | ज़ा | न | दा | र |
| द | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | ■ | य | म |
| य | म | ल | ■ | म | नो | रं | ज | क | ■ |

⊃ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2976

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | 4 | | |
| | 8 | | | | 6 | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 5 | | | | | | | 3 | 6 |
| | | | 4 | 1 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 1 | | 6 | 2 | | | | | |
| | | | 7 | | | 9 | | |
| | 3 | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2975 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 |
| 6 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 | 2 |



# पर्यटन संबंधी गतिविधियों को मंजूरी देने में चाय की खेती से समझौता नहीं करेंगे : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार पर्यटन संबंधी गतिविधियों को मंजूरी देते समय चाय की खेती से कोई समझौता नहीं करेगी। इस दिन, राज्य सचिवालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ममता ने स्पष्ट किया कि सरकार ने पहले केवल उस भूमि पर पर्यटन परियोजनाओं के संचालन की अनुमति देने का फैसला किया था, जहां चाय की फसल नहीं उगाई जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाय की खेती के लिए पट्टे पर जमीन देती है, फ्रीहोल्ड आधार पर नहीं। हमने चाय बागान की 15 फीसदी जमीन का इस्तेमाल होटल और होमस्टे जैसी पर्यटन संबंधी गतिविधियों के लिए करने की अनुमति दी थी, लेकिन सिर्फ उन्हीं जगहों पर जहां चाय की खेती नहीं की जाती। ममता ने कहा कि ऐसे वैकल्पिक व्यावसायिक उपक्रमों में 80 फीसदी कार्यबल स्थानीय निवासियों का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चाय की खेती के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। यह हमारा स्पष्ट रुख है। जहां चाय की फसल नहीं होती, वहां पर्यटन से जुड़ी अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में चाय बागान मालिकों को पर्यटन संबंधी गतिविधियों के लिए 15 फीसदी से अधिक भूमि की आवश्यकता होगी, उनमें सरकार मामला-दर-मामला आधार पर अनुरोधों का मूल्यांकन करेगी, बशर्ते भविष्य निधि (पीएफ), ग्रेच्युटी या श्रमिकों के वेतन से संबंधित कोई बकाया न हो। उन्होंने कहा कि अगर बागान मालिक 15 फीसदी से अधिक भूमि के इस्तेमाल की इजाजत मांगते हैं, तो सरकार हर अनुरोध पर अलग से परिस्थितियों के आधार पर निर्णय लेगी। ममता ने इस बात पर जोर दिया कि चाय श्रमिकों को किसी भी परिस्थिति में परेशान न किया जाए और आदिवासियों की भूमि अपने असली मालिकों के पास ही रहेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने बंद पड़े छह चाय बागानों को तीन साल का पट्टा दिया है, जिससे मालिकों के लिए काम फिर से शुरू करवाना और श्रमिकों को वेतन देना संभव हो पाया है। ममता ने कहा कि अगर ये बागान सफलतापूर्वक संचालित होते हैं, तो पट्टे की अवधि 30 साल तक बढ़ा दी जाएगी।

## 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर कल पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगी ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी 2026 विधानसभा चुनावों को लेकर 27 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस की अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी की चुनावी रणनीति और संगठन में बड़े फेरबदल की घोषणा हो सकती है। यह बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगी, जिसमें पार्टी के सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक पहले 2024 में होनी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया था। बैठक से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के साथ संगठनात्मक बदलावों को लेकर विस्तृत चर्चा की। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, इस बैठक में ममता बनर्जी संगठन में बड़े बदलावों की घोषणा कर सकती हैं और चुनाव की तैयारियों को लेकर अहम दिशा-निर्देश दे सकती हैं। बैठक में विधायकों और मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा हो सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जो नेता कमजोर प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें टिकट से वंचित किया जा सकता है। ममता बनर्जी 15 साल की सत्ता के बाद जनता के सामने एक नई और प्रभावी टीम पेश करने की योजना बना रही हैं। इस बैठक में ममता बनर्जी मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी उठा सकती हैं। संभावना है कि वह पार्टी नेताओं को चुनावी सूची के पुनरीक्षण पर कड़ी निगरानी रखने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देंगी। इस महत्वपूर्ण बैठक से तृणमूल कांग्रेस की 2026 चुनावी रणनीति तय करने की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

## नबन्ना सुरक्षा जोन के बाहर भी पुलिसी हस्तक्षेप क्यों? : हाई कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट



**कोलकाता :** सुरक्षा हितों के नाम पर नबन्ना भवन से 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक इमारत के निर्माण कार्य को रोक देने के बाद पुलिसी हस्तक्षेप को लेकर राज्य सरकार को अदालत में सवालों का सामना करना पड़ रहा है।

मामले में चुनौती पेश करने वाले एक व्यक्ति ने यह प्रश्न उठाया कि क्या लोग पुलिस के अधीन ही राज्य में रह रहे हैं? इस पर, संबंधित मामले को सुनते हुए न्यायमूर्ति कौशिक चंद ने निर्देश दिया कि प्रशासनिक कार्यालय नबन्ना भवन के अलावा अन्य किसी क्षेत्र को सुरक्षा जोन के अंतर्गत आने का नोटिफिकेशन प्रस्तुत करें।

न्यायमूर्ति चंद ने आगे कहा, राज्य के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय नबन्ना की सुरक्षा के प्रति हाई कोर्ट जागरूक हैं, परंतु राज्य प्रशासन स्वयं कितने जागरूक हैं? यदि नबन्ना सुरक्षा जोन के बाहर का कोई क्षेत्र है, तो वहां पुलिस कार्रवाई क्यों कर रही है?

इस मुद्दे पर विस्तार से जानकारी देने के लिए कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा से रिपोर्ट तलब की गई है। मामले के चलते राज्य सरकार को कई सवालों का जवाब देना पड़ेगा।

## कोलकाता में भूकंप के झटके, बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज

### जानमाल का कोई नुकसान नहीं



**कोलकाता, समाज्ञा :** मंगलवार की सुबह बंगाल की खाड़ी में भूकंप के झटकों से कोलकाता और आसपास के इलाकों में हलचल मच गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह भूकंप सुबह 6.10 बजे दर्ज किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी में स्थित था और इसकी गहराई 91 किलोमीटर थी। भूकंप के झटके मुख्य रूप से ओडिशा के पुरी तट के पास महसूस किए गए, जहां इसका अक्षांश 19.52 डिग्री उत्तर और देशांतर 88.55 डिग्री पूर्व दर्ज किया गया। हालांकि, भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। कोलकाता और आसपास के इलाकों में सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोग कुछ देर के लिए दहशत में आ गए। विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में इस तरह के हल्के से मध्यम तीव्रता के भूकंप समय-समय पर आते रहते हैं, लेकिन चूंकि यह गहरे समुद्र में था, इसलिए बड़े नुकसान की आशंका नहीं रही। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि भूकंप का केंद्र समुद्र के भीतर था, जिससे इसका प्रभाव तटीय इलाकों तक सीमित रहा। हालांकि, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में लोगों ने हल्के झटके महसूस किए। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से घबराने की जरूरत नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी और इसके आसपास का क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए यहां इस तरह की हलचलें होती रहती हैं। हालांकि, भूकंप की तीव्रता ज्यादा नहीं थी, जिससे किसी बड़े नुकसान की संभावना नहीं है।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 83/City(M) of 2024-25** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. for different works related to 18th edition of IPL T20 Cricket Matches 2025 are invited from bonafied agencies having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on **13.03.2025 at 14.00 hrs. Tender ID: 2025_PWD_820565_1/2.** Other details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in** & **http://wbpwd.in** .

**Sd/-**
**Executive Engineer-I**
**City Division, P.W.D**

**NOTICE INVITING e-TENDER**

**Ref NIeT No: 412/15th F.C./2024-25, Date: 21.02.2025**

E-Tender are invited from bonafied resourceful contractors for development works. For Scheme details, other Terms and Conditions please visit **www.wbtenders.gov.in**

Documents Download Date: From **21.02.2025 at 05:30 PM** to **07.03.2025** up to **03:00 PM.** Bid Submission Date: **21.02.2025 at 06:00 PM** to **07.03.2025** up to **03:30 PM.** Date of Technical Bid Opening: **10.03.2025** at **04:00 PM.**

Sd/-,
Executive Officer
Chinsurah-Mogra Panchayet Samity

**Notice Inviting Re-e-Tender (3rd Call)**

**Ref e-NIT No.- 2025_ZPHD_820488_1.**

A Re-e-Tender **(Notice: 459, Date: 25.02.2025)** containing one number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 20.55175 lakhs fund RIDF-XXX.**

**Bid Submission end on: 19.03.2025 at 05.50 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**Notice Inviting Re-e-Tender (3rd Call)**

**Ref e-NIT No.- 2025_ZPHD_820463_1.**

A Re-e-Tender **(Notice: 460, Date: 25.02.2025)** containing one number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 4.74788 lakhs.**

**Bid Submission end on: 07.03.2025 at 05.30 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

## तृणमूल पार्षद तारक गुहा को आजीवन कारावास, बाकी तीन बरी

❑ **पानीहाटी में 11 साल पुराने सामूहिक पिटाई से हत्या मामले में सजा का ऐलान**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पानीहाटी नगरपालिका के तृणमूल कांग्रेस पार्षद तारक गुहा को मछली व्यापारी शंभू चक्रवर्ती की पीट-पीटकर हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बारासात की अदालत ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। इस मामले में तारक गुहा सहित पांच लोगों को दोषी ठहराया गया, जबकि तीन आरोपितों को बरी कर दिया गया। घटना 25 सितंबर 2014 की है, जब पानीहाटी के गांधी नगर इलाके में दुर्गा पूजा पंडाल में शंभू चक्रवर्ती को चोरी के संदेह में बांधकर पीटा गया, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में तत्कालीन तृणमूल नेता तारक गुहा समेत 10 लोगों के खिलाफ खड़दह थाने में शिकायत दर्ज हुई थी। पुलिस जांच के दौरान इनमें से दो आरोपित फरार हो गए, जबकि आठ को अदालत में पेश किया गया। हत्या के आरोपित तारक गुहा को 2022 में तृणमूल कांग्रेस ने टिकट देकर 11 नंबर वार्ड से पार्षद बनाया। मृतक शंभू चक्रवर्ती के बेटे का आरोप है कि पार्षद बनने के बाद तारक गुहा और उसके सहयोगी उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव डालते रहे। यहां तक कि 16 लाख रुपये की पेशकश कर तारक और उसके भतीजे नेपाल गुहा का नाम हटाने की बात कही गई। इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्थानीय नेतृत्व को अब सफाई देनी पड़ रही है कि तारक गुहा ने अपराध 2014 में किया था, पार्षद वह 2022 में बना। लेकिन बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि एक हत्या के आरोपित को तृणमूल कांग्रेस ने टिकट ही क्यों दिया?

## 'डैमेज कंट्रोल की कोशिश कर रही हैं मुख्यमंत्री', डॉक्टरों के वेतन वृद्धि पर सुकांत का कटाक्ष



**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों के वेतन व भत्ता बढ़ाने के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के फैसले को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश करार दिया है। मंगलवार को कोलकाता हवाईअड्डा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह संकट से बचने का एक प्रयास मात्र है। आरजीकर की घटना के बाद डॉक्टरों के बीच तृणमूल और ममता बनर्जी विरोधी माहौल बन गया था। ममता बनर्जी उस स्थिति को संभालने की कोशिश कर रही हैं।

### दिलीप घोष ने ममता पर वेतन वृद्धि के लिए डॉक्टरों को 'रिश्वत' देने का लगाया आरोप

भाजपा नेता दिलीप घोष ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वेतन वृद्धि के जरिए डॉक्टरों को 'रिश्वत' देने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह कदम उनके आंदोलन को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राज्य का स्वास्थ्य प्रशासन सीपीआई (एम) के दौर से ही विफल रहा है और टीएमसी सरकार इसे पुनर्जीवित नहीं कर पाएगी। घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को रिश्वत दी है। वेतन पहले ही बढ़ा दिया जाना चाहिए था। उन्होंने प्रोत्साहन दिया ताकि वे आंदोलन जारी न रखें। पूरा (स्वास्थ्य) प्रशासन सीपीआई (एम) के बाद से विफल रहा है और वे (टीएमसी) इसे पुनर्जीवित नहीं कर पाएंगे।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/642, दिनांक 24.02.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3347; कार्य का नाम:** तारकेश्वर स्टेशन में नए फूट ओवर ब्रिजों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,30,778। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 6,600; **समापन अवधि:** 90 दिन। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3424; कार्य का नाम:** हावड़ा स्टेशन में साइनेज बोर्ड की स्थापना। **निविदा मूल्य:** रु. 52,63,473। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,05,300; **समापन अवधि:** 270 दिन। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3425; कार्य का नाम:** नई डीआरएम बिल्डिंग एवं मुख्यालय बिल्डिंग, फेयरली प्लेस, कोलकाता के अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था का पुनरुद्धार एवं पुनर्निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,16,59,474। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 2,08,300; **समापन अवधि:** 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-630/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**श्री गंगानगर-कोलकाता-श्री गंगानगर स्पेशल ट्रेन एक और ट्रिप चलाई जाएगी**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के साथ पार्सल ट्रैफिक के सुविधार्थ **04731/04732 श्री गंगानगर-कोलकाता-श्री गंगानगर पैसेंजर सह पार्सल स्पेशल** ट्रेन अपने वर्तमान मार्ग, समय-सूची, ठहराव, यात्रा के दिन तथा गठन के अनुसार नीचे उल्लेखित तारीख को **01 और ट्रिप** चलाई जाएगी: **यात्रा की विस्तारित तारीख: 04731 श्री गंगानगर-कोलकाता स्पेशल** दिनांक **05.03.2025 (बुधवार)** एवं **04732 कोलकाता-श्री गंगानगर स्पेशल** दिनांक **09.03.2025 (रविवार)**। अन्य सभी निर्देशावलियां अपरिवर्तित रहेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा और तारकेश्वर के बीच ईएमयू स्पेशल ट्रेन**

तारकेश्वर में शिव रात्रि मेला के अवसर पर दर्शनार्थियों की अपेक्षित भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा और तारकेश्वर** के बीच दो दिनों के लिए अर्थात दिनांक **26.02.2025 (बुधवार) और 27.02.2025 (बृहस्पतिवार) को** नियमित ट्रेन सेवाओं के अलावा एक जोड़ी **ईएमयू स्पेशल** ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची के अनुसार चलेगी। स्पेशल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

| अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | स्टेशन | डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| – | **14.45** | **हावड़ा** | **18.15** | – |
| 15.22 | 15.24 | सेवड़ाफुली जं. | 17.28 | 17.30 |
| **16.14** | – | **तारकेश्वर** | – | **16.40** |

विस्तृत समयसूची के लिए, कृपया स्थानीय स्टेशन प्रबंधक/स्टेशन मास्टर से संपर्क करें।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

### मोहम्मद सलीम एक बार फिर से माकपा के राज्य सचिव चुने गए

**कोलकाता/हुगली, समाज्ञा :** मोहम्मद सलीम को मंगलवार को सर्वसम्मति से एक बार फिर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की पश्चिम बंगाल इकाई का राज्य सचिव चुन लिया गया। माकपा के एक नेता ने यह जानकारी दी। माकपा नेता के मुताबिक, हुगली जिले के डानकुनी में चल रहे पार्टी के 27वें सम्मेलन में सर्वसम्मति से 80 सदस्यीय राज्य समिति का चुनाव किया गया। उन्होंने बताया कि 80 सदस्यों में 14 महिलाएं हैं। माकपा नेता ने बताया कि सलीम को लगातार दूसरी बार पार्टी का राज्य सचिव चुना गया है। उन्होंने बताया कि माकपा की राज्य समिति के लिए चुने गए लोगों में 11 नए चेहरे हैं।

## चूहों को मारने की कोशिश में गोसाबा में बिजली के झटका से व्यक्ति की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** चूहों को मारने की कोशिश में बिजली का झटका लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन मंडल (45) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सुंदरवन के गोसाबा थाना अंतर्गत बाली दक्षिण पाड़ा इलाके में घटी। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पवन मंडल के घर के बगल में उसका दाल का खेत है। वहां चूहों का आतंक है। चूहों के आतंक से उनकी फसलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही थी। इसलिए उसने खेत को चूहों से बचाने के लिए उसके चारों ओर बिजली के तार बिछा दिए। ताकि चूहे जब दाल खाने आएं तो बिजली के झटके से मर जाएं। लेकिन, इसका उल्टा हुआ। मंगलवार को पवन मंडल दाल तोड़ने के लिए खेत में गया था। उसी समय अचानक उसके द्वारा बिछाई गई बिजली की तार से उसे करंट लग गया। वह चीखता हुआ गिर पड़ा। उसकी चीख सुनकर परिवार के सदस्य तुरंत खेत की ओर दौड़े। उसे तुरंत इलाज के लिए गोसाबा ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ढाकुरिया में सरेआम छिनतई मामले में तीन गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** लालबाजार की डीडी विभाग ने ढाकुरिया में सरेआम छिनतई के मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गत शनिवार की दोपहर गरफा थाना अंतर्गत ढाकुरिया के झील रोड निवासी 60 वर्षीय पियाली दे राय अपने रिश्तेदार के घर से पैदल अपने घर लौट रही थीं। तभी, बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और उसके सामने खड़े हो गए। पियाली से बात करते समय बदमाशों ने एक फ्लैट पर अपनी उंगलियां तान दीं और कुछ मांगने के बहाने उसके गले से सोने का हार छीनकर भाग गए। कथित तौर पर, जाने से पहले उन्होंने पियाली को चेतावनी दी कि इस घटना को लेकर हंगामा करने से अच्छे परिणाम नहीं निकलेंगे। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर इस तरह की हिंसक घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घबराई हुई पियाली और उसके पति शुरू में अपराधियों को पकड़ने के लिए शिकायत दर्ज नहीं करना चाहते थे, लेकिन बाद में उन्होंने गरफा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस तरह जांच शुरू की। अंततः तीनों अपराधी पकड़े गये।

## प्रेमिका के साथ होटल में रात बिताने के बाद युवक का शव बरामद

❑ **पुलिस फरार प्रेमिका की तलाश में जुटी**



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेमिका के साथ होटल में रात बिताने के कुछ घंटों बाद युवक का शव होटल के कमरे से बरामद किया गया। मृतक की पहचान बबलू मंडल (35) के रूप में की गई है। इस घटना से घोला थाना अंतर्गत सोदपुर के मुरागाछा इलाके में हड़कंप मच गया है। इधर, प्रेमिका फरार बताई जा रही है। होटल से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास से कई वस्तुएं बरामद की गईं। प्रेमिका की तलाश शुरू हो गई है। बताया गया है कि गत रविवार की दोपहर करीब 3.45 बजे बैरकपुर निवासी बबलू मंडल अपनी प्रेमिका को सोदपुर के मुरागाछा इलाके के एक होटल में लेकर गया था। वे दोनों कमरा संख्या 304 में थे। शाम के समय होटल के स्टाफ गर्लफ्रेंड को होटल से बाहर जाते हुए देखा। इस पर, होटल स्टाफ ने उससे पूछा कि क्या वे कमरा छोड़ रहे हैं। इस पर युवती ने जवाब दिया कि वे अभी नहीं छोड़ रहे है। वह किसी जरुरी काम से थोड़ी देर के लिए बाहर जा रही है, फिर वापस आ जाएगी। उसके बाद, किसी और को नहीं देखा गया। होटल के एक कर्मचारी के अनुसार, अगले दिन यानी सोमवार को चेक-आउट समय बीत जाने के बाद भी जब कमरा 304 से कोई बाहर नहीं निकला तो होटल का स्टाफ जांच करने गया। जब स्टाफ कमरे के अंदर गया तो देखा कि बबलू मंडल मुंह के बल लेटा हुआ है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर व्यक्ति को पानीहाटी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर युवक के परिवार को भेज दी गई। उसकी मृत्यु का कारण क्या था? हत्या, विषाक्त भोजन या आत्महत्या? इसका पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि, पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि उसकी मौत उसकी प्रेमिका के साथ विवाद के कारण हुई होगी। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि युवक ने आत्महत्या की या अपनी प्रेमिका की हत्या कर भाग गया। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि अगर वे प्रेमिका का पता लगा सकें तो बहुत सारा रहस्य सुलझ जाएगा।

**आसनसोल मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

आसनसोल मंडल के तहत जसीडीह स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 1 और 2 के बीच फुट ओवर ब्रिज, मथुरापुर-शंकरपुर शाखा में सीमित ऊँचाई के सबवे सं. 24, सिमुलतला-घोरपरन शाखा में सीमित ऊँचाई के सबवे सं. 36 को स्थापित करने के लिए और सिमुलतला स्टेशन लिमिट पर फुट ओवर ब्रिज को हटाने के लिए, दिनांक 02.03.2025 **(रविवार)** को पावर और ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, दिनांक 02.03.2025 **(रविवार)** को ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: ● **रद्द:** (1) 63209 **देवघर-पटना मेमू,** (2) 63561 **आसनसोल-जसीडीह मेमू,** (3) 63565 **जसीडीह-झाझा मेमू,** (4) 63573 **जसीडीह-किऊल मेमू,** (5) 63545 **अण्डाल-जसीडीह मेमू,** (6) 63298 **झाझा-देवघर मेमू,** (7) 63570 **बैद्यनाथधाम-आसनसोल मेमू,** (8) 63572 **मोकामा-जसीडीह मेमू,** (9) 63571 **जसीडीह-मोकामा मेमू** दिनांक 01.03.2025 को, (10) 63566 **झाझा-जसीडीह मेमू,** (11) 63546 **जसीडीह-अण्डाल मेमू** और (12) 63574 **किऊल-जसीडीह मेमू।** ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू :** (1) 17321 **वास्को द गामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस** मधुपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। (2) 63509/63510 **बर्द्धमान-झाझा-बर्द्धमान मेमू** आसनसोल में/से संक्षिप्त यात्रा समाप्त/शुरू करेगी। (3) 18183/18184 **टाटानगर-बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस** आसनसोल और बक्सर के बीच सेवा को रद्द करते हुए आसनसोल में/से संक्षिप्त यात्रा समाप्त/शुरू करेगी। ● **मार्ग परिवर्तन:** (1) 13331/13332 **धनबाद-पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस** दोनों दिशाओं में पटना-गया-धनबाद होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (2) 13508 **गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस** किऊल-जमालपुर-साहिबगंज-सांइथिया-अण्डाल होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (3) 12326 **नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** और 12304 **नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस** पं. दीन दयाल उपाध्याय-गया-धनबाद-आसनसोल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। ● **पुनर्निर्धारण:** (1) 12317 **कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस** 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (2) 22197 **कोलकाता - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सुपरफास्ट एक्सप्रेस** 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (3) 22499 **देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस** 1 घंटा 50 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (4) 22500 **वाराणसी -देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस** 1 घंटा 50 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (5) 02023 **हावड़ा-पटना स्पेशल** 6 घंटे 25 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (6) 02024 **पटना-हावड़ा स्पेशल** 6 घंटे 25 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (7) 22347 **हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस** 3 घंटे 55 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (8) 22348 **पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** 3 घंटे 55 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (9) 17006 **रक्सौल-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस** 2 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए गहन खेद है।

**वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत नबग्राम कॉंकुड़हाटी हॉल्ट एवं बरमसिया हॉल्ट के लिए हॉल्ट ठेकेदार का चयन**

सं.: सीओएम/डीईवी/हॉल्ट/एनबीकेएच/बीआरएमए/2025 दिनांक: 25.02.2025

**हावड़ा मंडल के नबग्राम कॉंकुड़हाटी एवं बरमसिया हॉल्ट स्टेशनों में निर्धारित कमिशन के आधार पर टिकटों की बिक्री के लिए पांच वर्षों हेतु** सम्पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर हॉल्ट ठेकेदार के चयन के लिए पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **1; हॉल्ट का नाम:** नबग्राम कॉंकुड़हाटी; **स्थान:** कटवा-आजिमगंज लाइन में कटवा एवं शिबलुन के बीच; **जिला:** पूर्व बर्द्धमान; **राज्य:** पश्चिम बंगाल। **2; हॉल्ट का नाम:** बरमसिया; **स्थान:** रामपुरहाट-दुमका लाइन में शिकारीपाड़ा एवं कुरुवा के बीच; **जिला:** दुमका; **राज्य:** झारखण्ड। **पात्रता के मानदंड:** (i) आवेदक को उस जिले का स्थानीय निवासी होना चाहिए, जहां स्टेशन अवस्थित हैं यानी पश्चिम बंगाल राज्य में नबग्राम कॉंकुड़हाटी के लिए पूर्व बर्द्धमान एवं झारखण्ड राज्य में बरमसिया के लिए दुमका क्रमशः। इसके लिए आवेदक को जिस जिले में हॉल्ट स्टेशन अवस्थित है उस जिले के डीएम/एडीएम/एसडीओ/बीडीओ से स्थानीय आवासिक प्रमाणपत्र अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित चुनाव पहचान पत्र की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। आवेदन के साथ स्थानीय निवासी होने के दस्तावेज जमा किए जाने चाहिए। (ii) आवेदक की उम्र दिनांक 01.02.2025 को 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदक को कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए तथा स्टेशनों के नाम तथा टिकटों के मूल्य पढ़ने लायक अंग्रेजी का साधारण कार्यकारी ज्ञान होना चाहिए। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र तथा उम्र के साक्ष्य के दस्तावेज की राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित प्रतिलिपि जमा करनी होगी। (iii) आवेदक को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि वह सक्रिय रूप से सेवा प्रदान करने के लिए शारीरिक रूप से तंदुरुस्त हैं तथा किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी से मुक्त हैं। (iv) चयन के उपरांत, उम्मीदवार को पुलिस जांच रिपोर्ट तथा संबंधित फीडिंग स्टेशन में रु. 2,000 की नकद रकम जमा करनी होगी। **भुगतेय कमिशन का निम्नानुसार होंगे:** बिक्री कारोबार (रु. में) तथा भुगतेय कमिशन क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) रु. 1-15,000 एवं 15%, (2) रु. 15,001-50,000 एवं 12%, (3) रु. 50,001-1,00,000 एवं 9%, (4) रु. 1,00,001-2,00,000 एवं 6%, (5) रु. 2,00,001 तथा अधिक एवं 3%। **आवेदन के लिए प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तों की उपलब्धता:** आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास, चौथी मंजिल, वाणिज्य शाखा, हावड़ा, पिन-711101 के कार्यालय से दिनांक 26.02.2025 से 19.03.2025 के बीच किसी भी कार्यकारी दिवस को (सभी दिवसों को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक, दिनांक 26.02.2025 एवं 19.03.2025 को छोड़कर। दिनांक 26.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक तथा दिनांक 19.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक) उपलब्ध रहेगी। आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। **आवेदन जमा :** दिनांक 26.02.2025 से 19.03.2025 तक (सभी दिवसों को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक, दिनांक 26.02.2025 एवं 19.03.2025 को छोड़कर। दिनांक 26.02.2025 को अपराह्न 01.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक तथा दिनांक 19.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक)। प्रारूप के अनुसार भलीभांति भरे हुए आवेदन के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित दस्तावेज की छाया प्रतिलिपियां मुहरबंद लिफाफे में संलग्न कर लिफाफे के आवरण पर "**नबग्राम कॉंकुड़हाटी** एवं **बरमसिया** हॉल्ट स्टेशन में हॉल्ट ठेकेदार हेतु आवेदन" लिख कर मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास, चौथी मंजिल, वाणिज्य शाखा, हावड़ा, पिन-711101 को संबोधित कर भेजना होगा। आवेदन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में इस उद्देश्य के लिए रखी पेटी में डाले जाने चाहिए। **आवेदन खोले जाएंगे:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में दिनांक 19.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **आवेदन का सम्पूर्ण विवरण तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें** आधिकारिक वेबसाइट : **www.er.indianrailways.gov.in** पर तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें जा सकते हैं।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# संपत्ति के फर्जी दस्तावेज को चिह्नित व जब्त नहीं कर सकेंगे जिला रजिस्ट्रार

❑ हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को किया खारिज
❑ कहा... 'पंजीकरण के लिए दिए गए दस्तावेजों का सत्यापन करना भी जिला रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने जिला रजिस्ट्रारों को संपत्ति के फर्जी दस्तावेजों की पहचान करने और उन्हें जब्त करने के लिए राज्य सरकार की ओर से दिए गए अधिकार को खारिज कर दिया है। इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी (दास) की खंडपीठ ने कहा कि जिला रजिस्ट्रार का काम दस्तावेजों की जांच कर संपत्ति का पंजीकरण करना है। पंजीकरण के लिए दिए गए दस्तावेजों का सत्यापन करना भी उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन अगर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके संपत्ति का पंजीकरण कराया गया है, तो इससे संबंधित मामलों की सुनवाई करने के लिए सिविल कोर्ट को जिम्मेदारी दी गई है। जिला रजिस्ट्रार के पास जाली दस्तावेजों के जरिए संपत्ति के रिकॉर्ड बदलने के आरोपों की जांच करने और उन्हें रद्द करने का कोई अधिकार नहीं है। खंडपीठ ने एकल पीठ द्वारा दिए गए निर्देश को खारिज करते हुए भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव द्वारा 17 जनवरी 2020 को जारी अधिसूचना को भी रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके दूसरे लोगों की संपत्ति दर्ज करने के कई आरोपों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए 2020 में राज्य भूमि विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव और भूमि सुधार आयुक्त ने एक अधिसूचना जारी कर जिला रजिस्ट्रारों को इसे दर्ज करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। ब्लॉक भूमि अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे जाली दस्तावेजों के किसी भी आरोप को जिला रजिस्ट्रार के पास भेजें। रजिस्ट्रार को निर्देश दिया गया कि यदि दस्तावेज फर्जी साबित होते हैं तो उन्हें रद्द कर दिया जाए, तथा पुलिस थाने में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई जाए। पूर्व बर्दवान में कथित तौर पर जाली दस्तावेजों के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य की अधिसूचना को बरकरार रखा और जिला रजिस्ट्रार को कार्रवाई करने का आदेश दिया। लेकिन उस आदेश को मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में चुनौती दी गई। सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद सवाल खड़ा हो गया कि पिछले पांच वर्षों में जिला रजिस्ट्रारों ने जिन दस्तावेजों को फर्जी बताया है और रद्द किया है, उनका क्या होगा?

## बसों की समयसूची, स्थान और गति की निगरानी के लिए नया ऐप लॉन्च करेगी राज्य सरकार



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार बसों की निगरानी और यातायात सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक नया मोबाइल ऐप लॉन्च करने जा रही है। इस ऐप को हर बस चालक को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करना होगा और स्टियरिंग संभालने से पहले इसे सक्रिय करना होगा।

इस ऐप में संबंधित बस चालक का नाम, फोन नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके जरिए न केवल बसों की लोकेशन और रूट ट्रैक किया जा सकेगा, बल्कि यदि कोई बस निर्धारित गति सीमा पार करती है, तो तुरंत चालक के मोबाइल पर 'रेड अलर्ट' नोटिफिकेशन जाएगा। यदि चालक इस चेतावनी को अनदेखा करता है, तो बस मालिक और परिवहन विभाग के अधिकारियों को दूसरा अलर्ट भेजा जाएगा। यदि चालक इसके बावजूद भी गति नियंत्रित नहीं करता, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। यह पूरा सिस्टम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित होगा।

परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 'सेफ ड्राइव, सेव लाइफ' अभियान के तहत हमने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कम करने में सफलता प्राप्त की है। भारत में पहली बार पश्चिम बंगाल में 'फीड मैनेजमेंट पॉलिसी' लागू की जा रही है। इसके तहत दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों की पहचान कर उन सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए 'सेफ कॉरिडोर' तैयार किए जा रहे हैं। इस पहल में खड़गपुर आईआईटी भी सहयोग कर रहा है।

## रविवार को काम करने पर मिलेगा छुट्टी का विकल्प!

### माध्यमिक परीक्षा के बाद बड़ा फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा**

माध्यमिक परीक्षा से संबंधित कार्य यदि रविवार को किया जाता है, तो शिक्षकों को किसी अन्य कार्य दिवस पर अवकाश लेने का अवसर मिलेगा। हाल ही में पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस संबंध में घोषणा की है।

इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा 22 फरवरी को समाप्त हुई है। इस बार कॉपी जमा करने की तिथियां अन्य कार्यदिवसों के साथ-साथ तीन रविवार-2, 9 और 16 मार्च को भी पड़ी हैं। यदि कोई परीक्षक इन तिथियों पर कॉपी जमा करने का कार्य करता है, तो वह सप्ताह के किसी अन्य दिन अवकाश ले सकता है।

हालांकि, इसके लिए उन्हें कार्य करने का उपयुक्त प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष से उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अपनाई गई व्यवस्था के अनुरूप माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भी आगे बढ़ रहा है। पहले सरकारी अवकाश के दिनों में शिक्षकों को कॉपी जांचने का कार्य करना पड़ता था, लेकिन इसके बदले उन्हें अन्य किसी दिन छुट्टी लेने की सुविधा दी जाती थी। इस बार सरकारी अवकाश के साथ-साथ रविवार को भी इस नियम में शामिल किया गया है।

## नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में बैंक कर्मी की रहस्यमयी मौत, गैंगरेप कर हत्या का आरोप

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के बसीरहाट थाना क्षेत्र के डंडीहाट बाजार इलाके में एक नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर से एक महिला का शव फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 26 वर्षीय एक बैंककर्मी के रूप में हुई है। परिवार ने आरोप लगाया है कि महिला के साथ गैंगरेप कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सेंटर से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, मृतका एक निजी बैंक में कार्यरत थी। यह स्पष्ट नहीं है कि वह नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। मृतका के पति ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी की सेंटर से जुड़े एक युवक से जान-पहचान थी और उसी ने साजिश के तहत हत्या की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर को एक महीने पहले ही खोला गया था। सोमवार शाम सेंटर का मुख्य दरवाजा अचानक बंद मिलने पर इलाके में चर्चा शुरू हो गई। जब पुलिस को सूचना दी गई तो वे मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा। अंदर बैंककर्मी का शव फंदे से लटका मिला। मृतका का घर दगंगा थाना क्षेत्र में है और वह बेड़ाचापा इलाके के एक निजी बैंक में काम करती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बसीरहाट स्वास्थ्य जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति ने बताया कि उनकी पत्नी सोमवार सुबह यह कहकर घर से निकली थी कि उसे बैंक के काम से जाना है। लेकिन बाद में उसे नर्सिंग सेंटर में मृत पाया गया। पति का कहना है कि बसीरहाट के एक युवक से उनकी पत्नी की दोस्ती थी और उसी ने साजिश रचकर हत्या की। उनका दावा है कि उनकी पत्नी आत्महत्या नहीं कर सकती थी, बल्कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई। जिस युवक पर आरोप है, उसने पुलिस को बताया कि मृतका सोमवार को नशे की हालत में उससे मिलने आई थी। उसने उसे घर जाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं मानी और ट्रेनिंग सेंटर की दूसरी मंजिल पर जाकर दरवाजा बंद कर लिया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने एक बढ़ई को बुलाया और दरवाजा तुड़वाया, जिसके बाद महिला को फंदे से लटका पाया गया। पुलिस का कहना है कि दोपहर तक किसी भी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। बाद में, मृतका के परिवार ने गैंगरेप और हत्या का मामला दर्ज कराया, जिसके आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अधिक विषय-आधारित शिक्षकों की भर्ती हो! स्कूल शिक्षा स्टैंडिंग कमेटी ने विधानसभा में पेश की रिपोर्ट

**कोलकाता :** सरकारी स्कूलों में विषय के अनुसार पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति की सिफारिश करते हुए, स्कूल शिक्षा विषयक विधानसभा की स्थायी समिति (स्टैंडिंग कमेटी) ने हाल ही में एक जिला-आधारित रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत की है। इस रिपोर्ट में योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और छात्रों के अनुपात का भी विश्लेषण करने की आवश्यकता बताई गई है।

समिति का कहना है कि लंबे समय से राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों का अनुपात संतुलित नहीं है। कई जगहों पर विज्ञान विषय के अच्छे शिक्षक हैं, लेकिन वहां उस स्ट्रीम के छात्र नहीं हैं। वहीं, कुछ स्कूलों में अच्छे छात्रों की संख्या अधिक है, लेकिन उन विषयों को पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इस असंतुलन को दूर करने के लिए तुरंत शिक्षकों की नियुक्ति की आवश्यकता है।

इसके साथ ही, समिति ने सभी स्कूलों में विज्ञान और कला संकाय (साइंस और आर्ट्स स्ट्रीम) को संतुलित रखने की सिफारिश की है, ताकि छात्रों की संख्या में असमानता न हो। रिपोर्ट में बीरभूम, हुगली, नदिया सहित दक्षिण बंगाल के कई जिलों में इस प्रकार की विषमताएं सामने आई हैं।

स्टैंडिंग कमेटी ने यह भी सुझाव दिया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की मांग काफी अधिक है। इस मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार को इस पर भी विचार करना चाहिए।

## इलेक्रामा 2025: भारत के ऊर्जा भविष्य को मिली नई दिशा

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल शो, इलेक्रामा 2025, ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुरू हुआ। इस इवेंट में भारत के ऊर्जा क्षेत्र की भविष्यवाणी की गई, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम साबित होगा। भारत सरकार के मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स, मनोहर लाल खट्टर ने उद्घाटन समारोह में देश के ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने भारत के विद्युत क्षेत्र को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के रूप में देखा।

आईईईएमए के अध्यक्ष सुनील सिंघवी और इलेक्रामा के चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा ने भी इस अवसर पर उद्योग के भविष्य और वैश्विक साझेदारियों के बारे में बात की। श्नाइडर इलेक्ट्रिक और सीमेंस स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ ने भारत को वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में नेतृत्व देने का वादा किया। इलेक्रामा 2025 में 1,100 से अधिक प्रदर्शक और 4 लाख बिजनेस विजिटर्स शामिल होंगे, जो भारत की ऊर्जा क्षेत्र में शक्ति और स्थिरता को प्रदर्शित करेंगे।

### देर से चलने वाली डाउन लिंक ट्रेनों के कारण ट्रेनों का पुनर्निर्धारण



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने डाउन लिंक ट्रेनों के देर से चलने के कारण मंगलवार को कुछ ट्रेनों का पुनर्निर्धारित किया है। इस दिन, 12,333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस 19:55 बजे की जगह 22:40 बजे हावड़ा से चली। 13005 हावड़ा-अमृतसर मेल 19:15 बजे की जगह 21:05 बजे हावड़ा से चली। वहीं, 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश डून एक्सप्रेस 20:25 बजे की जगह 22:15 बजे हावड़ा से चली।

## पीयूष गोयल ने भारत को वैश्विक ऊर्जा हब बनाने के लिए एकीकृत प्रदर्शनी की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा**

इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन, भारत सरकार के मंत्री पीयूष गोयल ने भारत को वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी बनाने और एक एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों का वैश्विक गंतव्य बनाने के लिए प्रदर्शनी को एक मंच पर लाना जरूरी है। मंत्री ने भारत की सस्टेनेबल ऊर्जा समाधान में ग्लोबल लीडर बनने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान, मंत्रालय में संयुक्त सचिव विमल आनंद ने भारत के आगामी आर्थिक विकास की दिशा पर चर्चा की और 2030 से पहले भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का विश्वास व्यक्त किया। इसके अलावा, रिवर्स बायर सेलर मीट में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इसी क्रम में, ईटेकनेक्स्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी हुआ। जिसमें स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण और क्लीन एनर्जी पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में जर्मन एंबेसी के एम्बेसडर डॉ. फिलिप एकरमैन ने भी भाग लिया और भारत के ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों और डिजिटलीकरण के महत्व को उजागर किया।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने निक्षय मित्र अभियान के अंतिम चरण का किया समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ), मालदह डिवीजन ने मंगलवार को अपने निक्षय मित्र अभियान के 6वें और अंतिम चरण का समापन मालदह डिवीजनल रेलवे अस्पताल में किया। यह पहल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़ी हुई थी, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर टीबी रोगियों को महत्वपूर्ण पोषण सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष मनीषा गुप्ता ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उनके साथ मालदह के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अनूपा घोष भी उपस्थित रही। संगठन की उपाध्यक्ष निरांजना नागराले और सचिव शिल्पा




वर्मा ने भी इस पहल में हिस्सा लिया और उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर टीबी रोगियों को भोजन पैकेट वितरित किए।

इस कार्यक्रम में मनीषा गुप्ता ने अभियान के मुख्य संदेश-टीबी हारेगा, देश जीतेगा- को दोहराया और कहा कि 100 दिनों के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मालदह के ईआरडबल्यूडबल्यूओ के प्रयास यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि टीबी रोगियों को उचित पोषण मिले।

### हावड़ा और तारकेश्वर के बीच शिवरात्रि मेले के लिए चलेंगी एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिवरात्रि मेला के दौरान तारकेश्वर में भारी भीड़ को देखते हुए हावड़ा और तारकेश्वर के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन आज 26 फरवरी और 27 फरवरी को चलायी जाएगी। हावड़ा-तारकेश्वर ईएमयू स्पेशल ट्रेन हावड़ा से 14:45 बजे चलेगी और 16:14 बजे तारकेश्वर पहुंचेगी। वहीं, तारकेश्वर-हावड़ा ईएमयू स्पेशल ट्रेन तारकेश्वर से 16:40 बजे चलेगी और 18:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में सभी स्टेशनों पर रुकेगी, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। यह पहल शिवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## महाप्रबंधक ने ऑरेंज लाइन के जय हिंद बिमानबंदर स्टेशन का निरीक्षण किया



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने 25 फरवरी 2025 को ऑरेंज लाइन के अंतर्गत निर्माणाधीन जय हिंद बिमानबंदर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मेट्रो अधिकारियों ने उन्हें हाल ही में हुई प्रगति और शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने की योजना की जानकारी दी। रेड्डी ने यात्री इंटरचेंजिंग पॉइंट्स, प्लेटफॉर्म लेवल, कंकौर्स लेवल और वॉकलेटर का गहन निरीक्षण किया। इसके अलावा, उन्होंने टनल वेंटिलेशन सिस्टम और पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली की स्थिति की भी समीक्षा की। इस खंड के निर्माण कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए, रेड्डी ने निर्धारित समयसीमा में सभी कार्यों को बिना किसी देरी के पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

## कॉरपोरेट बन रही सीपीएम! पेशेवर एजेंसी ने राज्य सम्मेलन में उजागर की पार्टी की कमजोरी

**कोलकाता :** अब पेशेवर एजेंसियों की मदद ले रही है सर्वहारा की पार्टी! पश्चिम बंगाल में वामपंथी दल सीपीएम ने अपने राज्य सम्मेलन में संगठन की कमजोरियों को उजागर करने के लिए एक पेशेवर एजेंसी की मदद ली। दिलचस्प बात यह रही कि पार्टी की कमजोरियों को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए दिखाया गया। इतना ही नहीं, इस एजेंसी ने सीपीएम को इन समस्याओं से उबरने के लिए रणनीति और समाधान भी सुझाए। सोमवार को पार्टी अधिवेशन के तीसरे दिन इस पर करीब तीन घंटे तक गहन चर्चा हुई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि चुनाव में सही उम्मीदवारों का चयन कैसे किया जाए।

हालांकि, इस मुद्दे पर सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने सफाई देते हुए कहा कि यह पेशेवर एजेंसी कोई काम पैसों के बदले



नहीं कर रही है। सीपीएम हमेशा से ऐसी एजेंसियों के उपयोग का विरोध करती आई है, लेकिन इस बार पार्टी खुद इसी रास्ते पर चलने को मजबूर हुई है।

रिपोर्ट में बताए गए पार्टी की हार के कारण इस बार पहली बार राज्य सम्मेलन में 'आगामी कार्ययोजना' नाम से एक विशेष सत्र रखा गया। सोमवार शाम इस सत्र में मोहम्मद सलीम के करीबी माने जाने वाली एक पेशेवर एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में क्षेत्रवार विश्लेषण कर दिखाया गया कि सीपीएम का वोट बैंक किस तरह गिर रहा है।

उदाहरण के लिए, रिपोर्ट में बताया गया कि पुरुलिया और बांकुड़ा जैसे जिलों में कभी सीपीएम का मजबूत वोट बैंक था, लेकिन अब यह काफी कम हो चुका है। वहीं, सत्ताधारी पार्टी का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इन इलाकों में सीपीएम के कमजोर होने के पीछे कौन-कौन से प्रमुख कारण हैं और सत्ताधारी पार्टी ने किन रणनीतियों के जरिए अपनी पकड़ मजबूत की है।

इसके बाद रिपोर्ट में सुझाया गया कि पार्टी को किन मुद्दों को केंद्र में रखकर आंदोलन करना चाहिए। यानी, क्षेत्रवार समस्याओं को चिन्हित कर, उन्हें आंदोलन का आधार बनाना ही सीपीएम की भविष्य की रणनीति का मुख्य उद्देश्य होगा।

### आईकू नियो 10आर स्नैपड्रैगन 8एस ज़ेन 3 और स्टेबल 90एफपीएस गेमिंग एक्सपीरियंस के साथ होगा लॉन्च

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आईकू 11मार्च को आईकू नियो 10आर लॉन्च करने के लिए तैयार है। युवा उपयोगकर्ताओं, मोबाइल गेमर्स और तकनीकी जानकारों के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्मार्टफोन दमदार परफॉर्मेंस, अल्ट्रा-स्मूद गेमिंग, लॉन्ग बैटरी लाइफ और इमर्सिव डिस्प्ले एक्सपीरियंस देता है, जो उनकी तेज़ रफ्तार जीवनशैली के लिए एक दम परफेक्ट है। आईकू नियो 10आर में स्नैपड्रैगन 8एस ज़ेन 3 प्रोसेसर दिया गया है, जो एडवांस 4एनएम टेक्नोलॉजी पर बना है। यह तेज़ और दमदार परफॉर्मेंस देता है। 1.7 मिलियन+ अंतुतु स्कोर के साथ, यह अपने सेगमेंट का सबसे शानदार फोन है। खास तौर पर गेमिंग के लिए बनाया गया यह फोन 90एफपीएस की स्मूद गेमिंग देता है, जो 5 घंटे तक बिना किसी रुकावट के चलती है। यह 6043मिमी वेपर कूलिंग चेंबर के साथ आता है, जो फोन को ज्यादा गर्म होने से बचाता है। 2000हर्ट्ज टच सैंपलिंग रेट की वजह से टच कंट्रोल्स तेजी से काम करते हैं। साथ ही, ई-स्पोर्ट्स मोड गेमिंग परफॉर्मेंस को बेहतर बनाता है, जिससे यूजर्स को स्मूद और दमदार गेमिंग एक्सपीरियंस मिलता है।

### वीवो ने 34,999 रुपये में वी50 स्मार्टफोन किया लॉन्च

**कोलकाता :** इनोवेटिव स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज वी50 लॉन्च किया, जो इसकी वी सीरीज़ का एक शानदार स्मार्टफोन है। वीवो वी50 6,000 एमएएच बैटरी के साथ भारत का सबसे पतला स्मार्टफोन (0.739 सेमी) है और इसमें अल्ट्रा-स्लिम क्वाड कर्व्ड डिस्प्ले है। यह स्मार्टफोन वीवो-जेडईआईएसएस को-इंजीनियर्ड इमेजिंग सिस्टम के साथ आता है, जो शानदार पोर्ट्रेट अनुभव देता है। वीवो इंडिया की हेड ऑफ़ कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी गीताज चन्नाना ने कहा, वीवो में, हम मानते हैं कि तकनीक की शक्ति के जरिए लोगों को खुशी मिल सकती है। वीवो वी50 इसी प्रतिबद्धता को दिखाता है - यह आज के कस्टमर्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और आकर्षक डिजाइन का बेहतरीन मेल है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कोलकाता में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में प्रताप चन्द्र षडङ्गी, माननीय सांसद, ज्योतिर्मय सिंह महतो, माननीय सांसद, खीरु महतो, माननीय सांसद, कालिपद सरेन (खेरवाल), माननीय सांसद, श्यामल मंडल, माननीय विधायक और अन्य माननीय सदस्य उपस्थित हुए।



महाप्रबंधक, अनिल कुमार मिश्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे की हाल की उपलब्धियों और विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं में सुधार, निर्माण कार्यों की प्रगति, सुरक्षा उपायों में सुधार, माल लोडिंग में वृद्धि, अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास, वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा, एक स्टेशन एक उत्पाद योजना आदि के बारे में बताया।

महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय सदस्यों के सभी सुझावों और मांगों को महत्व दिया जाएगा। उन्होंने रेल परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए माननीय सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता पर भी बात की। माननीय सदस्यों ने दक्षिण पूर्व रेलवे के अधीन रेलवे अवसंरचना के विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। सौमित्र मजुमदार, अपर महाप्रबंधक और दक्षिण पूर्व रेलवे के अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष बैठक में उपस्थित थे।

### मृत्यु के ढाई सौ साल बाद सिराजुद्दौला की स्मृतियों की रक्षा के लिए हाईकोर्ट में मामला दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मृत्यु के लगभग ढाई सौ साल बाद बंगाल के पूर्व नवाब सिराजुद्दौला की स्मृतियों की रक्षा के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। दरअसल, सिराजुद्दौला की संपत्तियों को कम से कम 32 लोगों के नाम पर अलग-अलग दस्तावेजों के तहत बेचा गया था। सिराजुद्दौला स्मृति सुरक्षा ट्रस्ट की प्रमुख समर्पिता दत्ता की ओर दायर याचिका में सिराजुद्दौला की याद में मुर्शिदाबाद में भागीरथी के पश्चिमी तट पर स्थित इस पूरे क्षेत्र के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण और संरक्षण की मांग की गई है। इसी सप्ताह मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में इस मामले पर सुनवाई होने की संभावना है। याचिका में कहा गया है कि मुर्शिदाबाद में सिराजुद्दौला की स्मृतियां पर्यटकों को आकर्षित करतीं हैं। भागीरथी के पश्चिमी तट पर स्थित उनका जन्मस्थान गुमनामी में डूब चुका है। सिराजुद्दौला ने जन्म के बाद जीवन का अधिकांश समय यहीं बिताया था। यहां की मंसूरगंज पैलेस, हीरा झील और आसपास की विशाल संपत्तियां निजी स्वामित्व में चली गई हैं। सिराजुद्दौला की याद में इन संपत्तियों का जीर्णोद्धार, नवीनीकरण और संरक्षण जरूरी है। पिछले सात-आठ वर्षों से सिराजुद्दौला के वंशज और बंगाल व बांग्लादेश में फैले इतिहास प्रेमी इस स्थान के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जो बंगाल के पूर्व नवाब की स्मृतियों के साथ जुड़ा हुआ है। समर्पिता दत्ता ने कहा कि 2018 से राज्य या केंद्र में ऐसा कोई विभाग नहीं है जहां हमने सिराजुद्दौला की स्मृतियों की रक्षा के लिए आवेदन नहीं किया हो। 34 हजार मेल भेजे जा चुके हैं। देश के राष्ट्रपति और राज्य के मुख्यमंत्री भी इससे अछूते नहीं हैं। लेकिन जब कुछ नहीं किया गया तो हमें मामला दर्ज कराने पर मजबूर होना पड़ा। बताते चलें कि 1757 में पलासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की हार के बाद बंगाल में नवाब संस्कृति का पतन हो गया था और इसके बाद से यहां अंग्रेजों का शासन शुरू हुआ।

## आसनसोल डिवीजन के प्रमुख स्टेशनों पर लगाए जाएंगे नए कोच और ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्री सुविधा को बेहतर बनाने और ट्रेन बोर्डिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल के तहत आसनसोल डिवीजन के प्रमुख स्टेशनों पर नए ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड (टीआईबी) और कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआईबी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इन नए इंडिकेशन बोर्ड्स के स्थापना से यात्रियों को कई फायदे होंगे। अब यात्री अपनी ट्रेन और आरक्षित कोच को पहले से पहचान सकेंगे, जिससे प्लेटफॉर्म पर अंतिम समय की भागदौड़ और असुविधा कम होगी। यह सिस्टम यात्रियों को सही प्लेटफॉर्म और कोच के स्थान पर मार्गदर्शन करेगा, जिससे भीड़-भाड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा और यात्रा के दौरान सुरक्षा में भी



वृद्धि होगी। इस पहल के तहत, 14 प्रमुख स्टेशनों पर टीआईबी और 10 स्टेशनों पर सीआईबी लगाए जाएंगे, जो अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत किए जा रहे हैं। अब तक, चार स्टेशनों-सिउरी, देवघर, दुमका और सितारामपुर पर इन नए बोर्ड्स की सफलतापूर्वक स्थापना की जा चुकी है, जबकि बाकी स्टेशनों पर कार्य जारी है और यह शीघ्र ही चालू हो जाएंगे। पूर्व रेलवे अपने यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल यात्री सूचना प्रणाली को बेहतर बनाते हुए यात्रा अनुभव को सुविध-ाजनक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कोलकाता नगर निगम को जर्जर इमारतें अधिग्रहित करने का अधिकार नहीं : फिरहाद हाकिम

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने मंगलवार को नगर निगम के बजट सत्र के दौरान कहा कि जर्जर इमारतों को जब चाहे कोलकाता नगर निगम अधिग्रहित नहीं कर सकता है। मुझे यह अधिकार संविधान से नहीं मिला है। उन्होंने आगे कहा कि 20 हजार मूल्यांकन रहित संपत्तियों को अब मूल्यांकन के तहत लाया गया है। जहां गैरकानूनी इमारतें खड़ी हो जाती हैं, मुझे वहां पहुंचने की आवश्यकता होती है। राजामोल्ला बागान के मामले के बाद से हमारी आंखें खुल गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि



कॉलोनी और झुग्गी-झोपड़ी इलाकों में रहने वाले गरीब लोगों के लिए हम चिंतित हैं। वहां कई गैरकानूनी निर्माण हो गए हैं। मानवता के दृष्टिकोण से हम उन्हें उखाड़ फेंकेंगे नहीं, बल्कि उनसे न्यूनतम शुल्क लेकर उन्हें नियमित कर दिया जाएगा। इसके लिए मेयर परिषद सदस्य देवब्रत मजूमदार की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है, जो इस मामले की जांच कर निर्णय लेगी। मेयर ने यह भी कहा कि गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ 5000 स्टॉप वर्क नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ स्थानों पर अब तक गैरकानूनी निर्माण को रोका नहीं जा सका है।

डिप्टी मेयर अतीन घोष ने कहा कि पिछले वर्ष 144 केंद्रों में 25,18,148 रोगियों का इलाज हुआ है। हर साल कोलकाता नगर निगम के स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज कराए गए रोगियों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए पैसे नहीं दे रही है। इसके साथ ही, 14 वार्डों में नगरपालिका के स्वास्थ्य केंद्रों में आंखों का इलाज और 10 वार्डों में दांतों की जांच की व्यवस्था की गई है। मेयर ने यह भी बताया कि इस वर्ष डेंगू पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

बीजेपी काउंसलर साजल घोष ने इस बजट की आलोचना करते हुए कहा कि यह शून्यकुंभ है। उन्होंने कहा कि घर गिरने की घटनाओं में बिल्डिंग विभाग के मेयर परिषद सदस्य के रूप में मेयर जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

---

**लंदन को टक्कर देगा कोलकाता, बजट सत्र में विकास को लेकर फिरहाद ने कहा**

कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने मंगलवार को कोलकाता नगर निगम के बजट सत्र में भविष्य में कोलकाता को लंदन से भी अधिक विकसित करने का दावा किया। बजट सत्र के अंतिम दिन उन्होंने कहा, जादवपुर से टालीगंज जल परियोजना के लिए 700 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसके साथ ही, मेयर ने प्लास्टिक सड़कों पर भी चर्चा की और कहा, पश्चिम बंगाल पहला राज्य है जिसने प्लास्टिक रोड निर्माण शुरू किया, जिसे अब अन्य नगरपालिकाओं ने भी अपनाया। वहीं, अवैध निर्माण के मुद्दे पर भी मेयर ने सख्त कदम उठाने का दावा किया।

## कोलकाता नगर निगम के पार्षदों ने वेतन बढ़ाने की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा**



कोलकाता नगर निगम के पार्षदों ने अपने वेतन में वृद्धि की मांग की है। उनका कहना है कि इस वेतन में कुछ भी नहीं हो पाता है। नगर निगम के बजट सत्र में पार्षदों ने अपने भत्ते या वेतन बढ़ाने की मांग की। सोमवार को 13 नंबर वार्ड की चेयरपर्सन रत्ना शूर ने कहा, अब इस पर कुछ निर्णय लिया जाए, क्योंकि खर्च बढ़ गए हैं। कई पार्षदों के पास अपना कार्यालय नहीं है और बिजली का खर्च भी बहुत बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में केवल 10 हजार रुपये में कुछ नहीं होता। रत्ना ने मांग की कि इस राशि को कम से कम 15 हजार रुपये प्रति माह किया जाए। रत्ना की बात का समर्थन करते हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के पार्षदों ने इस मांग को उचित ठहराया। वहीं, भाजपा पार्षद मीनादेवी पुरोहित ने इस भत्ते को 25 हजार रुपये करने की मांग की। कुछ साल पहले, मेयर फिरहाद हकीम ने पार्षदों काउंसलरों के भत्ते को बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया था। अब फिर से इस भत्ते में वृद्धि की मांग उठी है। इस दिन, वाम काउंसलर मधुछंदा दे ने पार्षदों के लिए पेंशन शुरू करने की भी मांग की।

## नदिया में खिचड़ी खाकर 50 लोग हुए बीमार, अस्पताल में इलाजरत



**कोलकाता, समाज्ञा :** कार्यक्रम में खाना खाने के बाद कई ग्रामीण बीमार पड़ गए। पता चला है कि एक स्थानीय निवासी के घर खिचड़ी खाने के बाद कई ग्रामीण बीमार पड़ गए। मंगलवार की दोपहर को लगभग 50 बीमार लोगों को इलाज के लिए बेथुआधारी स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान एक बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे कृष्णानगर शक्तिनगर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात नदिया जिला के नकाशीपाड़ा थाना अंतर्गत पटपुकुर गांव में एक व्यक्ति के घर में समारोह चल रहा था। स्थानीय निवासी भी इसमें शामिल हुए। कथित तौर पर, कार्यक्रम के अंत में सभी को भोजन वितरित किया गया। खाना खाने के बाद गांव के कई लोग एक-एक करके बीमार पड़ गए। मंगलवार की सुबह बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित 50 से अधिक ग्रामीणों को गंभीर रूप से बीमार हालत में इलाज के लिए बेथुआधारी राज्य सामान्य अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि संक्रमित लोगों की संख्या और बढ़ सकती है। इस घटना से पटपुकुर इलाके में हड़कंप मच गया है।

## दुर्गा पूजा से पहले 200 सीएनजी बसें खरीदने की तैयारी

### बसों की खरीद के लिए राज्य सरकार ने 125 करोड़ रुपये किया आवंटित

**कोलकाता, समाज्ञा**

सरकारी बस सेवाएं सही नहीं होने की शिकायत को दूर करने के लिए राज्य परिवहन विभाग ने इस बार नई बसें खरीदने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग ने हाल ही में इस संबंध में परिवहन विभाग को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, वे तीन प्रकार की बड़ी और मध्यम आकार की वातानुकूलित बसें खरीदेंगे। प्रशासनिक तौर पर इन तीन प्रकार की बसों को मिडी, सेमी और डीलक्स बसें नाम दिया गया है। परिवहन विभाग इस नई बस को निविदा प्रक्रिया के माध्यम से सड़क पर लाना चाहता है। विभाग दुर्गा पूजा से पहले इन सीएनजी बसों को सड़क पर उतारने और यात्री सेवाएं शुरू करने के पक्ष में है। वित्त विभाग ने इन 200 नई बसों की खरीद के लिए 125 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। 12-मीटर सेमी-डीलक्स 120 बसें खरीदी जाएंगी, जिनमें से प्रत्येक की लागत 65 लाख रुपये होने का अनुमान है। इसी आकार की पचास डीलक्स बसें खरीदी जाएंगी, जिनमें से प्रत्येक की लागत 70.40 लाख होगी। नौ मीटर लंबी 30 मिडी बसें खरीदी जाएंगी, जिनमें से प्रत्येक की लागत 42 लाख रुपये होगी। पिछले वर्ष परिवहन विभाग ने नई बसें खरीदने के लिए वित्त विभाग को आवेदन दिया था। वित्त विभाग द्वारा इस पर सहमति जताए जाने के बाद परिवहन विभाग ने राहत की सांस ली है। हालांकि, इसमें थोड़ी देरी हुई है। बता दें कि परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती को हाल ही में एक प्रशासनिक बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरकारी परिवहन व्यवस्था को लेकर फटकार लगाई थी।

माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री की फटकार के बाद परिवहन विभाग ने वित्त विभाग से बात कर नई बसों की खरीद की पुष्टि की है। इन नई बसों की खरीद के बारे में परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अब हमें सिर्फ नई बसें ही नहीं खरीदनी हैं, हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि वे बसें पर्यावरण के अनुकूल हों। इसलिए, काफी विचार-विमर्श और विश्लेषण के बाद, इन 200 सीएनजी-चालित बसों को खरीदने का निर्णय लिया गया है। यात्री सेवाएं प्रदान करने के अलावा, इससे सरकार को प्रदूषण रोकने में भी मदद मिलेगी।

## मेडिकल कॉलेजों में महोत्सव के लिए दो करोड़ का अनुदान क्यों? ममता की घोषणा के खिलाफ हाईकोर्ट में मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में वार्षिक महोत्सव आयोजित करने के लिए दो करोड़ रुपये के अनुदान प्रदान करने के मुख्यमंत्री के फैसले के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया। मुख्य न्यायाधीश ने मामला दायर करने की अनुमति दे दी है। इस मामले की सुनवाई अगले गुरुवार को होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में वार्षिक उत्सवों के आयोजन के लिए दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की। आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने इस फैसले का विरोध किया। उन्हें डर है कि इससे नया भ्रष्टाचार पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले मेडिकल कॉलेजों में फेस्ट आयोजित होते थे। अब यह घोषणा की गई है कि क्लब को दान देने की तरह ही इसमें भी दान दिया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील के अनुसार, कॉलेजों में छात्र चुनाव से संबंधित मामला लंबित है। किसी भी कालेज में कोई निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि या निर्वाचित छात्र परिषद नहीं है। उनका सवाल है कि इस स्थिति में यदि सरकार वार्षिक आयोजन के लिए अनुदान प्रदान करती है, तो वह धन कैसे खर्च किया जाएगा? उस पैसे का दुरुपयोग हो सकता है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि एक सरकारी अस्पताल में फेस्ट के लिए दो करोड़ रुपये आवंटित करना कितना उचित है, जहां मरीजों को उचित सेवाएं नहीं मिल रही हैं। मुख्य न्यायाधीश शिवगणनम ने कहा कि इस मामले को भी छात्र चुनाव से संबंधित मामले में जोड़ा जाएगा।

## शादी की रात ही हुई दूल्हे की रहस्यमय मौत, दुल्हन से लगातार पूछताछ

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत सोदपुर में तब मातम पसर गया जबा शादी की रात दूल्हे की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत हो गई। घटना से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की मानें तो आज सुबह नई दुल्हन को पति की लाश के पास बैठा पाया गया। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार, अभि दास और ब्यूटी रॉय के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों अपने परिवारों की आपत्ति के चलते घर से भाग गए और नवपल्ली क्षेत्र में एक दोस्त के किराए के घर में शादी कर ली। आरोप है कि उसी दौरान कथित तौर पर उनके बीच झगड़ा हुआ और सुबह दूल्हे अभि को मृत पाया गया। उसकी पत्नी अपने पति के शव को पकड़े सारी रात वहीं बैठी रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बहरहाल पुलिस रहस्यमय मौत की जांच कर रहे हैं कि यह हत्या की घटना है या आत्महत्या की।

## अल्पेनलीबे जुज्त जेली ने जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** अल्पेनलीबे जुज्त जेली, पर्फेटी वैन मेल का प्रतिष्ठित ब्रांड, ने नए और रोमांचक स्वाद के साथ अपनी दो नई जेली पेशकशों, जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद को लॉन्च किया है। ये नए उत्पाद बंदर, केला, अनानास, स्ट्रॉबेरी, नारंगी और ग्रीन एप्पल जैसे रंग-बिरंगे और इंटरैक्टिव आकार में उपलब्ध हैं। ये जेली हर बाइट के साथ संवेदी खेल अनुभव प्रदान करती हैं और 10 रुपये प्रति बैग की कीमत पर भारत के शहरी और ग्रामीण बाजारों में उपलब्ध हैं। पर्फेटी वैन मेल इंडिया के सीएमडी गुंजन खेतान ने कहा, हम हमेशा नए अनुभवों को पेश करने के लिए उत्साहित हैं और इस लॉन्च के साथ उपभोक्ताओं को नया रोमांच मिलेगा। अल्पेनलीबे जुज्त जेली ने अपने पिछले उत्पादों से एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है, जो सभी आयु वर्ग के लिए मजेदार और स्वादिष्ट हैं।

## तृणमूल पार्षद ने भाजपा पार्षदों पर लगाया तृणमूल विधायक की मदद से चुनाव जीतने का आरोप

### महेश शर्मा का दावा, वार्ड 22 और 23 के भाजपा पार्षद स्थानीय विधायक से करते हैं 'एडजस्टमेंट'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के बजट सत्र के आखिरी दिन वार्ड 42 के तृणमूल पार्षद महेश शर्मा ने विस्फोटक आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वार्ड 22 और 23 के भाजपा के पार्षद स्थानीय तृणमूल विधायक की मदद से चुनाव जीतते है। इस दिन, नगर निगम मुख्यालय में बजट सत्र के बाद संवाददाताओं से मुखातिब तृणमूल पार्षद महेश शर्मा ने कहा कि वार्ड 22 के भाजपा पार्षद मीना देवी पुरोहित एवं वार्ड 23 के भाजपा पार्षद विजय ओझा जनता की आवाज से नहीं, बल्कि जोड़ासांको के विधायक से सांठगांठ बनाकर चुनाव जीतते आ रहे है। यहां जो भी विधायक बनता है, वे उनसे 'एडजस्टमेंट' करके पार्षद बनते है।



उन्होंने आरोप लगाया कि वे सत्र में केवल विरोध करने आते है। इसी कारण आज तक बड़ाबाजार का विकास नहीं हो सका।

दूसरी तरफ, तृणमूल पार्षद के बयान पर भाजपा पार्षदों ने पलटवार किया और कहा कि वे पहले किस पार्टी में थे और किनकी मदद से चुनाव जीतकर पार्षद बने है। वार्ड 22 की भाजपा पार्षद मीना पुरोहित ने कहा कि वह करीब 30-32 वर्षो से राजनीति कर रही है। उन्होंने किसी के दया से चुनाव नहीं जीता है, बल्कि काम के आधार पर चुनाव जीतती है। उन्होंने कहा कि वह (महेश शर्मा) पहले खुद विधायक से पूछे कि उन्हें विधायक ने या फिर जनता ने जिताया है। वह खुद पहले किस पार्टी में थे और किससे 'एडजस्टमेंट' करके चुनाव जीते है। वहीं, वार्ड 23 के भाजपा पार्षद विजय ओझा ने कहा कि वह 2010 वामफ्रंट के जमाने से चुनाव जीतते आ रहे है। वह पहले खुद अपने गिरेबान में झांक ले। वह पहले किस पार्टी में थे और उन्हें कैसे टिकट मिला और वे किनकी मदद से चुनाव जीते है।

## अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से आलू किसानों को भारी नुकसान, सही सर्वेक्षण की मांग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से आलू किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भर जाने के कारण आलू की फसल बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। नए आलू की खुदाई से पहले ही भारी बारिश ने फसल को तहस-नहस कर दिया, जिससे किसान परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि इस बार बारिश के कारण आलू की बुआई पहले ही देरी से हुई थी, जिससे उत्पादन कम होने की आशंका थी। अब लगातार बारिश और फसल में रोग फैलने से नुकसान और बढ़ गया है। किसान लगातार कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं, फिर भी फसल खराब हो रही है।



धनियाखाली के एक किसान ने कहा, खेतों में अब भी पानी भरा हुआ है, जिससे आलू की अच्छी पैदावार की संभावना बेहद कम है। धान की खेती में वैसे भी ज्यादा मुनाफा नहीं होता। आलू ही एकमात्र नकदी फसल है, जिस पर हमारी पूरी आर्थिक स्थिति निर्भर करती है। लेकिन इस बार बारिश के कारण फसल बर्बाद हो गई, जिससे कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाएगा।

एक अन्य किसान ने बताया कि बारिश से खेतों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी और अब वे चिंता में हैं कि यह कर्ज कैसे चुकाया जाएगा। किसानों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें बीमा योजना का लाभ मिले, जिससे कुछ हद तक उनकी समस्या का समाधान हो सके।

इस मुद्दे पर जयप्रकाश जनता दल के राज्य अध्यक्ष अशोक दास ने कहा कि दक्षिण बंगाल के हुगली जिले के धनियाखाली, तारकेश्वर, बर्दवान जिले के जमालपुर सहित बांकुड़ा और पुरुलिया के कई इलाकों में आलू की खेती को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जिन इलाकों के किसान प्रभावित हुए हैं, वहां सही तरीके से सर्वेक्षण किया जाए। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्रालय को पत्र भी लिखा है, ताकि केंद्र की टीम आकर वास्तविक स्थिति का आकलन करे।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार को उन किसानों के साथ खड़ा होना चाहिए, जिन्होंने भारी नुकसान झेला है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तक राज्य सरकार की ओर से किसी भी आलू किसान को मुआवजा नहीं मिला है। उत्तर बंगाल के जिलों में भारी बारिश से आलू की खेती को नुकसान पहुंचा है, जबकि दक्षिण बंगाल के जिलों में ओलावृष्टि के कारण फसल प्रभावित हुई है। खासतौर पर हुगली जिले में सबसे अधिक नुकसान हुआ है।

अब देखना यह होगा कि केंद्र और राज्य सरकारें प्रभावित किसानों के लिए क्या कदम उठाती हैं।

## सियालदह मंडल ने स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन और यूटीएस को बढ़ावा देने के लिए गहन अभियान शुरू किया

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे निर्बाध यात्रा और कैशलेस डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के लिए पूरे देश में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और यूटीएस आन मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। इसी तरह के प्रयास में पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के वाणिज्यिक विभाग ने टिकट रहित यात्रा को रोकने के लिए यात्रियों के बीच यूटीएस आन मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सियालदह-बनगांव सेक्शन में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। यात्री जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल सियालदह मंडल के सीनियर डीसीएम पवन कुमार के मार्गदर्शन और डीआरएम दीपक निगम के प्रेरक नेतृत्व में संचालित की जा रही है। इस अभियान में व्यापक यात्री बातचीत, यूटीएस आन मोबाइल ऐप सुविधाओं



का प्रदर्शन और टिकट खरीदने में इसके लाभों पर प्रकाश डालना शामिल है। वाणिज्यिक विभाग के अधिकारी सक्रिय रूप से यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने और उसका उपयोग करने के तरीके के बारे में शिक्षित कर रहे हैं और समय बचाने, कैश बैक पाने और टिकट काउंटरों पर कतारों को कम करने में इसके लाभों पर जोर दे रहे हैं। दृष्टिबाधित व्यक्तियों की सहायता के लिए बारासात में एक विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिससे उन्हें टिकट काउंटरों पर कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं रही। सियालदह के डीआरए दीपक निगम ने यात्रियों से यूटीएस आन मोबाइल ऐप अपनाने की अपील की है क्योंकि यह टिकट खरीदने का एक सहज और सुविधाजनक तरीका है। यह तकनीक सेवाओं को आधुनिक बनाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति का रातभर घेराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय के द्वितीय वर्ष के अधिकांश गणित के छात्र अनुत्तीर्ण हो गये। छात्रों की गणना के अनुसार, लगभग 130 में से 105 छात्र अनुत्तीर्ण हो गये। इसी बात को लेकर छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में अरविंद भवन के प्रथम तल पर स्थित कार्यालय में कुलपति भास्कर गुप्ता को छात्रों ने रातभर घेर कर रखा। सूत्रों के अनुसार, छात्र रातभर कुलपति के कमरे में पहरा देने के लिए जागते रहे। यहां तक कि मंगलवार सुबह भी कार्यालय परिसर में छात्र पहरा देते रहे। कुलपति ने मंगलवार को कहा कि असफल होने वाले छात्रों की संख्या अधिक या कम हो सकती है, लेकिन गणित में कई छात्र असफल हुए हैं। मैंने



विभाग से इस बारे में कारण पूछा है, वे मामले की जांच कर रहे हैं। कुलपति के अनुसार, उनके घेराव का वास्तविक कारण यह है कि उनमें से कई छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाओं में हेराफेरी करके छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते हुए पकड़े गए हैं। कुलपति ने कहा कि छात्रों ने अपनी मांग मनवाने के लिए मुझे इस तरह घेरकर रखा। मुझे रोककर कोई फ़ायदा नहीं होगा।

## बड़ाबाजार नवयुवक संघ का श्री श्री महाशिवरात्री पूजा का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार नवयुवक संघ द्वारा श्री श्री महाशिवरात्री पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को पूजा का उद्घाटन समारोह हुआ। इस मौके पर उद्घाटनकर्ता संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, दिनेश मिश्रा, हरेश मिश्रा एवं सभी सदस्य पिंटू पांडेय, मनीष सिंह,अशोक मित्तल, राजू राय, श्याम बिहारी सिंह, वॉर्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा उपस्थित रहे।

## भाजपा नेत्री अग्निमित्रा पाल ने लगाया कथित हत्या का आरोप, कहा... बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं

**हुगली :** चंदननगर की रहने वाली डांसर और इवेंट मैनेजर सुतंद्रा चटर्जी का शव जब उनके निवास स्थान पहुंचा तो परिवार के लोगों का सब्र टूट गया। मृतका की मां ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि उन्हें महिला सुरक्षा चाहिए, न कि जनहित प्रकल्प। उन्हें लक्ष्मी भंडार नहीं चाहिए। क्या अब बेटियां घर से बाहर नहीं निकल सकतीं? बंगाल इतना असुरक्षित हो गया है।

इससे पहले भाजपा ने महिला सुरक्षा की मांग को लेकर चंदननगर में विशाल रैली निकाली और राज्य सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर तेज रफ्तार कार के पीछा करने के दौरान एक भयानक सड़क हादसे में 27 वर्षीय डांसर और इवेंट मैनेजर सुतंद्रा चटर्जी की मौत हो गई। सुतंद्रा, जो चंदननगर की रहने वाली थीं, काम



के सिलसिले में गया (बिहार) जा रही थीं। रात करीब 12:30 बजे उनकी कार पलट गई।

इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पहले ही कह चुकी है कि कोई छेड़छाड़ नहीं हुई, हालांकि सुतंद्रा का परिवार इसे स्वीकार करने से इनकार कर रहा है। मृतका की मां का दावा है कि दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई थी, तो वहाँ कोई पुलिस क्यों नहीं थी? महिलाओं की सुरक्षा कहाँ है? उन्होंने संदेह जताया कि इस घटना के पीछे कोई बड़ा हाथ हो सकता है।

महिला आयोग की सदस्य मृतका के चंदननगर स्थित घर पहुंचीं और सुतंद्रा की मां से बातचीत की। इस दौरान उनकी मां तनुश्री चटर्जी ने कहा, क्या लड़कियां अब एक वस्तु बन गई हैं? उन्होंने संदेह जताया कि इस घटना के पीछे कोई 'बड़ा' व्यक्ति हो सकता है। कोई साधारण व्यक्ति ऐसा करने की हिम्मत नहीं करेगा। आम जनता इस तरह का अपराध नहीं करेगी।

भाजपा नेत्री अग्निमित्रा पाल पीड़ित परिवार को सांत्वना देने चंदननगर उनके आवास पर पहुंचीं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में इस घटना को षड्यंत्र करार दिया और दावा किया कि यह हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उन्होंने इसे आरजी कर की घटना से जोड़ते हुए कहा कि इस मामले को भी दबाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जो लोग गाड़ी में सवार थे, उन्हें ककसा थाने में क्यों रोका गया? क्या महिलाओं को रात में घर में बंद रहना चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया कि बबलू यादव और उनके साथियों ने नशे की हालत में सुतंद्रा की गाड़ी का पीछा किया था।

उन्होंने यह भी दावा किया कि बुदबुद में पेट्रोल पंप पर सुतंद्रा ने पेट्रोल भराया था। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है। बंगाल में महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने चंडीतला आईसी जयंत पाल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जिनके कंधों पर महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही आईसी रंगरलियां मना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में आपराधिक घटनाएं, नशे का कारोबार और सेक्स रैकेट पुलिस की छत्रछाया में फल-फूल रहे हैं।

## कोलकाता साइबर थाना की फर्जी सिम कार्ड मामले में बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

**कोलकाता :** साइबर थाना कोलकाता पुलिस द्वारा फर्जी सिम कार्ड मामले में की गई बड़ी कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत की गई।

गिरफ्तारी की यह कार्रवाई बागुईआटी थाना, बीडीएनपी-सी और बेलियाघाटा थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस ने बागुईआटी क्षेत्र से अनिर्बान साहा (28), उनकी पत्नी देब्लिना चक्रवर्ती (24) और रिपन साहा (22) को गिरफ्तार किया, जबकि बेलियाघाटा क्षेत्र से शोभन देबनाथ (27) को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने इन आरोपियों को उनके ठिकानों पर छापा मारकर गिरफ्तार किया।

इस दौरान पुलिस ने मौके से 8 मोबाइल फोन, 5 बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन मशीनें और 237 सिम कार्ड (एयरटेल और जियो के) जब्त किए। इनमें से कई सिम कार्ड बिना किसी वैध प्रक्रिया के सक्रिय किए गए थे, जो कि एक गंभीर साइबर अपराध की ओर संकेत करते हैं।

जांच में यह सामने आया है कि आरोपी अवैध रूप से जियो और एयरटेल के पॉइंट ऑफ सेल टर्मिनलों का इस्तेमाल करके फर्जी सिम कार्ड सक्रिय कर रहे थे। इन



सिम कार्डों को भारत और विदेशों में साइबर अपराधियों को भेजा जाता था, जो विभिन्न धोखाधड़ी के मामलों में इनका उपयोग करते थे।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि देब्लिना चक्रवर्ती पश्चिम बंगाल में फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध कराने वालों में सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता पाई गई हैं। इस तथ्य की पुष्टि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (ख4सी) द्वारा जारी सूची से भी होती है।

इस पूरे मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन फर्जी सिम कार्डों का इस्तेमाल किन-किन साइबर अपराधों में किया गया है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उन्नाव में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**उन्नाव :** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में दो बच्चों और उनके पिता की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुई, जब एक कार नियंत्रण खोकर डिवाइडर को पार कर गई और विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गयी। बांगरमऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरविंद कुमार ने कहा, ''सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस को दुर्घटना की जानकारी मिली। आगरा से लखनऊ जा रही एक सेंट्रो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी की टेंपो ट्रैवलर पलट गया।

### झारखंड विधानसभा में हंगामा, भाजपा विधायकों ने राज्य बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक का किया विरोध

**रांची :** राज्य बोर्ड परीक्षाओं में कथित प्रश्नपत्र लीक को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के विरोध प्रदर्शन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा में हंगामे की स्थिति बन गयी।पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा विधायक कथित प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग करते हुए आसन के समक्ष आ गए।विधानसभाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने सदस्यों से व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि यह मुद्दा पहले ही सदन के बाहर उठाया जा चुका है।झारखंड अधिविद्य परिषद (जेएसी) ने 20 फरवरी को कक्षा 10 की हिंदी और विज्ञान की बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी थीं, क्योंकि प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक हो गए थे और उनकी प्रतियां सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो गई थीं। प्रश्नकाल के दौरान हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने रेत की कमी के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की।

# हम बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) की मानसिकता को संकीर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को केवल पारंपरिक मदरसों तक सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर भी प्रदान करना चाहती है। योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा के आधुनिकीकरण से ही समाज का विकास संभव है।योगी ने कहा कि स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसके लिए डबल इंजन की सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी छात्रों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### महाकुंभ ने प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर को नए पंच तीर्थ के रूप में जोड़ा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में कहा कि महाकुंभ ने प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर को नए पंच तीर्थ के रूप में जोड़ा है तथा प्रदेश अब नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है। विधानमंडल बजट सत्र के छठवें दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

# बिहार में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरूरत : मुर्मू



**पटना :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बिहार सरकार ने चिकित्सा के बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया है लेकिन राज्य में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरुरत है। राष्ट्रपति ने यहां बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''एक समय था जब बिहार के चिकित्सकों का देश-विदेश में नाम था। लोग दूर-दूर से इलाज के लिए यहां आते थे। बीच के कुछ कालखंड में यहां से अच्छे चिकित्सकों का पलायन हुआ। इस कारण लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए राज्य से बाहर जाने को मजबूर होना पड़ता है। चिकित्सा के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई समस्याएं पैदा होती हैं। जहां इलाज मिलने में देरी होती है, वहीं परदेस में रहने और खाने की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। रोगियों के परिजनों के रोजगार पर भी असर पड़ता है। बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी दबाव बढ़ता है। अच्छे चिकित्सा संस्थानों का देश भर में विकेन्द्रीकरण इन सभी समस्याओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और इंदौर जैसे शहर स्पेशियेलिटी ट्रीटमेंट के केंद्र के रूप में विकसित भी हुए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बिहार में भी ऐसे अनेक केंद्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इससे न केवल लोगों को यहीं पर अच्छी चिकित्सा मिलेगी बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। इस कार्य में पीएमसीएच और इसके पूर्व विद्यार्थी अपने अनुभव से बड़ा योगदान दे सकते हैं और बिहार के गौरवशाली अतीत को वापस ला सकते हैं।

## नीतीश कुमार के पुत्र ने बिहार के लोगों से पिता के लिए मांगे वोट

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत ने प्रदेश के युवाओं तथा हर उम्र एवं तबके के लोगों से उनके पिता को वोट देने का आह्वान किया है। निशांत से मंगलवार को यहां जब पत्रकारों ने यह पूछा कि कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके पिता को 'लाडला' मुख्यमंत्री बताया, तो उन्होंने कहा, ''गठबंधन है तो वह (मोदी) बोलेंगे ही, अच्छा है। उन्होंने (नीतीश कुमार ने) अच्छा काम जो किया है।'' उन्होंने कहा, ''हम आप मीडिया के माध्यम से राज्य के युवाओं और हर उम्र तथा तबके के लोगों से आह्वान करेंगे कि वे उन्हें वोट दें। पिता जी ने प्रदेश का विकास किया है। पिछली बार आप लोगों ने 43 सीट दीं तब भी उन्होंने विकास का काम जारी रखा, तो इस बार सीट बढ़ाने की जरूरत है ताकि पिताजी आगे भी विकास कार्यों को जारी रखें।'' निशांत से जब राजनीति के क्षेत्र में उनके आने के बारे में पूछा गया तो इस सवाल को टालते हुए उन्होंने कहा, '' अरे छोडिए... और मैं पार्टी के कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि जन-जन के बीच जाकर पिताजी की नीतियों और 19 साल में उन्होंने विकास का जो काम किया है, उसे उन तक पहुंचाए। जनता को पता होना चाहिए, तब जाकर जनता समझेगी कि वह ही इसके लायक हैं।''

## कोटा के छात्रावासों के लिए नये नियम: सुरक्षा शुल्क माफ

**कोटा (राजस्थान) :** आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पहले जिला प्रशासन ने 'कोटा केयर्स कैम्पेन' के तहत कोचिंग सेंटर और छात्रावासों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस अभियान का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा आने वाले विद्यार्थियों के जीवन-यापन की लागत को कम करना है। नए दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताओं में शहर के सभी 4,000 छात्रावासों में सुरक्षा राशि को समाप्त करना शामिल है। पहले छात्रावास यह राशि लेते थे और साल के अंत तक इसे वापस कर देते थे। कोचिंग उद्योग के पक्षकारों के साथ बैठक के बाद कोटा के जिलाधिकारी डॉ. रवींद्र गोस्वामी ने घोषणा की कि छात्रावास 2,000 रुपये का रखरखाव शुल्क ले सकते हैं। बयान में कहा गया है कि छात्रावासों में आत्महत्या रोधी पंखे और छात्रावास कर्मचारियों के लिए अनिवार्य 'गेटकीपर' प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। बयान के अनुसार, विद्यार्थियों को एकबारगी पास के आधार पर 'चंबल रिवफ्रंट और ऑक्सीजन जोन पार्क' में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर 'कोटा केयर्स हेल्पडेस्क' स्थापित किया जाएगा तथा छात्रावासों में सीसीटीवी और 'बायोमेट्रिक सिस्टम' लगाए जाएंगे।

## झारखंड में सुरक्षाकर्मियों ने माओवादियों के दो शिविर नष्ट किए, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**चाईबासा (झारखंड) :** सुरक्षाकर्मियों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक प्रतिबंधित माओवादी संगठन के दो शिविरों को नष्ट कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित टोंटो वन्य क्षेत्र में घटी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्यों ने जंगलों में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखा है।

## झारखंड बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में 10 लोग गिरफ्तार : पुलिस

रांची : झारखंड में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस ने मंगलवार को छह और लोगों को हिरासत में लिया, जिससे गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 10 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने राज्य विधानसभा के बाहर संवाददाताओं को बताया, बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## पंजाब पुलिस ने राज्य में 1,200 से अधिक आव्रजन कंपनियों पर छापे मारे; सात ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार



**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने विदेश में बसने के इच्छुक युवाओं को बेईमान ट्रैवल एजेंटों के जाल में फंसने से बचाने के लिए राज्य भर में 1,274 आव्रजन कंपनियों पर छापे मारे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर सोमवार को सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ अवैध ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। अमेरिका द्वारा हाल में भारत के अवैध प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मद्देनजर राज्य भर में अवैध ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अमेरिका से निर्वासित हुए पंजाब और हरियाणा के कई लोगों ने आरोप लगाया है कि ट्रैवल एजेंटों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। उनका दावा है कि उनसे मोटी रकम लेने और अमेरिका में कानूनी तरीके से प्रवेश का वादा करने के बावजूद, उन्हें डंकी रूट के ज़रिए अमेरिका ले जाया गया। 'डंकी रूट' अवैध और खतरों से भरा रास्ता है जिसका इस्तेमाल गैर कानूनी प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के लिए करते हैं। इस बीच, पंजाब के विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने कहा कि पुलिस टीमों ने बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कम से कम 24 प्राथमिकी दर्ज की हैं और सात को गिरफ्तार किया है।

## वाराणसी में महाशिवरात्रि की तैयारियां, अखाड़े निकालेंगे भव्य जुलूस

**वाराणसी :** महाकुंभ से श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में आने के बीच वाराणसी में महाशिवरात्रि का उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। मण्डल आयुक्त कौशल राज शर्मा ने मंगलवार को बताया कि बुधवार को महाशिवरात्रि पर विभिन्न अखाड़े, बड़ी संख्या में संतों और नागा साधुओं के साथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना से पहले भव्य जुलूस निकालेंगे। इसके लिये जिला प्रशासन और काशी विश्वनाथ मंदिर प्रबंधन ने समारोह की तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ से आए अखाड़ों के प्रमुखों और अन्य संतों के साथ मंदिर में उनके निर्धारित दौरे के बारे में चर्चा की गई है। शर्मा के अनुसार, संतों और अखाड़ों के सदस्यों को सुबह छह से नौ बजे तक मंदिर में पूजा-अर्चना करने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि शाम को साढ़े पांच बजे हनुमान घाट और हरिश्चंद्र घाट से भव्य जुलूस निकाला जाएगा जो गोदौलिया की ओर बढ़ेगा। वहां से संत और अखाड़ा प्रमुख मंदिर जाएंगे और दर्शन के लिए गेट संख्या चार से प्रवेश करेंगे। मंदिर के दर्शन में करीब दो से ढाई घंटे का समय लगेगा, जिसके बाद वे अन्नपूर्णाजी और ढुंढिराज गणेश मार्ग से बाहर निकलेंगे। इस बीच, घाट और सरस्वती फाटक पर आम जनता के लिए दो अलग-अलग लाइनें खुली रहेंगी।

## उप्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों के चयन का कार्य 31 मार्च तक होगा पूरा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु सर्वेक्षण कार्य चल रहा है और भारत सरकार द्वारा सर्वेक्षण कार्य 31 मार्च 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा में बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को विजय लक्ष्मी गौतम ने प्रश्नकाल में समाजवादी पार्टी के सदस्य अनिल प्रधान के तारांकित प्रश्न के जवाब में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की ओर से जवाब देते हुए यह बात कही। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूरे सदन की ओर से चित्रकूट से समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल प्रधान को उनकी शादी के लिए बधाई दी। पिछले दिनों प्रधान की शादी माही उर्फ किशोरी देवी से हुई। विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए माही और उनके परिवारीजन सदन की दीर्घा में भी आए थे।अनिल प्रधान ने ग्राम्य विकास विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से प्रश्न किया था कि प्रदेश में सर्वेक्षण कराकर पात्र आवास विहीन परिवारों को चिन्हित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराने तथा आवास के लिए वर्तमान में मिल रही धनराशि को बढ़ाने पर क्या सरकार विचार करेगी?




# लालच बुरी बला

डा. डी. के. जैन

एक रामू नाम का हृष्ट-पुष्ट चतुर शिकारी एक नगर में रहता था। यह मृग के शिकार का विशेष शौकीन था। एक दिन सुअर मिला परन्तु यह भली-भांति जानता था कि यह सुअर कहीं नहीं भागेगा। अतः आगे बढ़ गया तथा हिरण के मिलने पर तीर कमान से उस पर हमला कर उस का चतुरता से शिकार कर अपने कंधे पर रखकर प्रसन्नचित वापस चल दिया।

रास्ते में सुअर के मिलने पर मृग को अपने कंधे से उतारकर पेड़ के नीचे रखने के बाद सुअर पर हमला करने के लिए तैयार हुआ। उसने तीर कमान से सुअर पर वार किया जिस से तीर सुअर की छाती पर लगने से वह गुस्से में शिकारी पर लपका। तीर गहरा लगने से रक्त बह रहा था और वह बेचैन था परन्तु मृत्यु से पूर्व उसने शिकारी से बदला लेने के उद्देश्य से पुनः हमला किया जिस से शिकारी जमीन पर गिरने के उपरांत मृत्यु का शिकार हुआ। वास्तव में जब किसी प्राणी की मृत्यु का समय आ जाता है तो ऐसा ही होता है।

तत्पश्चात सुअर भी मौत का शिकार हुआ। इस से पूर्व दोनों की लड़ाई से भयभीत होकर वहां से एक सर्प निकला जो सुअर के पांव के नीचे आने से अपनी जान गंवा बैठा।

इसी बीच एक सियार (गीदड़) उधर से निकला तथा एक साथ हिरण, शिकारी, सुअर एवं सांप की लाशों को देख कर गद-गद हो सोचने लगा कि ऐसे-मौके तो जीवन में कभी-कभी आते है जब एक साथ चार शिकार बिना किसी प्रयास के मिल जायें। लगता है-आज प्रभु मुझ पर मेहरबान हैं तथा उक्त शिकार को खाने की योजना बनाने लगा।

उस गीदड़ ने सोचा कि प्रथम महीने इस शिकारी के मांस का आनन्द लूंगा, भूख शांत करूंगा। उसने धनुष की लकड़ी पर लगी डोरी को चमड़े की समझकर उससे काम चलाने का मन बनाया परन्तु जैसे ही वह उस को अपने दांतों से काटने लगा तो उसके कटते ही तुरन्त धनुष की लकड़ी तेज रफ्तार से टूटने के उपरांत गीदड़ के वक्ष स्थल में घुस गई तथा सांस लेने से पहले ही उस के शरीर के आर-पार हो गई। अब चहां चार लाशें पहले ही पड़ी थी, वहीं पांचवीं लाश गीदड़ की भूमि पर विद्यमान थी।

अतः लालच बुरी बला है। यदि शिकारी हिरण से काम चलाते हुए सुअर के शिकार का लालच न करता तो अपनी जान न गवांता। इसी प्रकार सियार महीनों का हिसाब न लगाते हुए मात्रा हिरण के मांस से अपनी भूख मिटाता तो उसे मौत का शिकार न होना पड़ता है। अतः जीवन में लालच का परित्याग करते हुए संतोष धारण करना ही सर्वश्रेष्ठ है। (उर्वशी)

# लोमड़ी और चूहे की कहानी

एक बार की बात है एक लोमड़ी थी जो बहुत भूखी थी। उसने कई दिनों से कुछ नहीं खाया था। एक दिन उसने देखा कि एक चूहा जंगल में इधर-उधर भाग रहा है। लोमड़ी ने सोचा कि वह चूहे को पकड़ कर खा सकती है।

चूहे ने लोमड़ी को अपनी ओर आते देखा और जितनी तेजी से भाग सकता था, भागने लगा। लोमड़ी ने उसका पीछा किया लेकिन पकड़ नहीं पाई। चूहा अपने बिल में भाग गया और छिप गया।

लोमड़ी घंटों तक बिल के बाहर इंतजार करती रही लेकिन चूहा बाहर नहीं आया। अंत में, उसने हार मान ली और चला गया।

अगले दिन लोमड़ी ने फिर चूहे को देखा। इस बार, उसने उसे बरगलाने का फैसला किया। वह चूहे के बिल के पास गया और बोला, नमस्ते मिस्टर माउस! मैं आज रात के खाने के लिए आपको अपने घर आमंत्रित करने आया हूं।

यह सुनकर चूहा बहुत खुश हुआ और लोमड़ी के साथ जाने को तैयार हो गया। जब वे लोमड़ी के घर पहुंचे तो लोमड़ी ने पानी का एक बड़ा बर्तन चूल्हे पर उबालने के लिए रख दिया।

चूहे ने पूछा, तुम क्या पका रहे हो?

लोमड़ी ने उत्तर दिया, मैं रात के खाने के लिए सूप पका रही हूँ।

चूहे ने बर्तन में देखा और देखा कि उसमें सब्जियाँ थीं। उसने कहा, यह सूप स्वादिष्ट लग रहा है! क्या मैं इसे चख सकता हूँ?

लोमड़ी ने कहा, ज़रूर! लेकिन ध्यान रहे कि आप इसमें न गिरें।

चूहे ने सूप चखा और कहा, यह बहुत स्वादिष्ट है! क्या मैं कुछ और ले सकता हूँ?

लोमड़ी ने कहा, बेशक! लेकिन ध्यान रहे कि आप इसमें न गिरें।

चूहा तब तक खाता रहा जब तक कि वह खौलते पानी के बर्तन में नहीं गिर गया।

**कहानी का नैतिक**

**उस व्यक्ति पर भरोसा न करें जो आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।**

# हाथी से नफरत

हीरा कई सालों से एक सर्कस में काम कर रहा था। इन कई सालों में वह तरह तरह के करतब दिखा कर सबका मन मोह लेता था।

एक बार हीरा रिंग में साईकिल चला रहा था। अचानक साईकिल का एक पाईप टूट गया जिससे हीरा हाथी गिर गया। उसके गिरते ही स्टेज कई जगह से टूट गया और उसकी लकड़ी उसके शरीर में कई जगह चुभ गई खून निकलने लगा।

हीरो वहीं लेटा हुआ करहा रहा था। सर्कस के शो को बंद करके डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर ने चैक किया तो गिरने की वजह से हीरा के घुटने में काफी चोट आ गई थी।

डॉक्टर ने कहा – 'यह अब कभी करतब नहीं दिखा सकेगा।' यह सुनकर सब घबरा गये। सर्कस के मालिक ने कहा – 'डॉक्टर साहब कितना भी पैसा खर्च हो जाये। इसे किसी तरह ठीक करो नहीं तो मेरा बहुत नुकसान हो जायेगा।'

डॉक्टर ने कहा – 'अब यह घुटना टूट चुका है। कुछ दिन में ठीक तो हो जायेगा। लेकिन मुड़ेगा नहीं। करतब कैसे दिखायेगा।'

हीरा को बहुत परेशानी हो रही थी। किसी तरह उसे उसके बाड़े में ले जाया गया वहां उसके जख्मों पर पट्टी होने लगी। हीरा कुछ ही दिनों में ठीक हो गया। एक दिन उसने खड़े होने की कोशिश की लेकिन घुटने के उपर वजन आते ही वह कराह उठा।

अब हीरा हाथी केवल एक जगह बैठा रहता था। डॉक्टर ने उसे चलने फिरने से मना किया था।

एक दिन होटल के मालिक ने एक बड़ी सी गाड़ी बुला कर उसे जंगल में छुड़वा दिया, क्योंकि वे अब उसे बैठा कर खाना नहीं खिलाना चाहते थे।

रात को उसे जंगल में छोड़ कर सब वापस चले गये। हीरा हाथी जंगल में एक पेड़ के नीचे पड़ा था। वह वहीं सो गया। सुबह जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा जंगल के कई जानवर उसके आस पास खड़े हैं।

हीरा हाथी बहुत खुश हुआ। उसने सूंड उठा कर सबको नमस्कार किया। तभी उसमें से एक सियार बोला – 'तुम कौन हो और हमारे जंगल में कैसे आये?'

हीरा हाथी ने कहा – 'भाई मैं सर्कस में काम करता था। मेरे पैर में चोट लग गई। अब मैं करतब नहीं दिखा सकता। इसलिये उन लोगों ने मुझे यहां छोड़ दिया।'

सियार ने यह सुन कर कुछ सोचा फिर बोला – 'ओहो तो तुम शहर के रहने वाले हो। देखो तुम्हारा और हमारा कोई मेल नहीं है। तुम्हारे कारण हमारे जंगल का माहौल खराब हो जायेगा। हम शहर वालों से नफरत करते हैं। वहां के शिकारी कभी भी आकर हमारा शिकार करने के लिये घात लगा कर बैठ जाते हैं। इसलिये तुम हम सबसे दूर रहना। जंगल में कोई भी तुमसे दोस्ती नहीं करेगा।'

सभी ने सियार की बात का समर्थन किया। हीरा से कोई भी बात नहीं करता था। हीरा हाथी कुछ दिन ऐसे ही पड़ा रहा। वह काफी कमजोर हो गया था। फिर एक दिन उसने खड़े होने का फैसला किया।

हीरा हाथी ने एक पेड़ की डाल को अपनी सूंड से पकड़ा और बाकी तीन पैरों पर खड़ा हो गया। उसके बाद उसने चोट लगे पैर को जमीन पर धीरे से रखा। हीरा हाथी को दर्द तो हो रहा था। लेकिन पहले से कम हो रहा था।

वह धीरे धीरे जाकर अपना खाना ढूंढने लगा। खाना मिलने से उसमें ताकत आने लगी, लेकिन जब भी उसे कोई जानवर



दिखता वह मुंह बना कर दूसरी ओर चल देता था।

हीरा हाथी एक दिन दोपहर को बैठ कर आराम कर रहा था। तभी उसने सोचा इससे तो सर्कस में अच्छे थे। वहां सभी जानवर अपने अपने पिंजरों में रहते थे। लेकिन एक दूसरे से बात तो किया करते थे।

अगले दिन वह फिर से जंगल के बीच में एक नदी के किनारे गया। वहां कुछ जानवर पानी पी रहे थे। हीरा हाथी ने कहा – 'भाई मुझसे भी दोस्ती कर लो मैं किसी का कुछ नहीं बिगाड़ूंगा।'

तभी वहां पानी पी रहा हिरण बोला – 'हम सबने फैसला किया है कि हम तुमसे दोस्ती नहीं करेंगे। फिर क्यों बार बार हमारे सामने आ जाते हो। तुम शहर वालों के चक्कर में मेरे परिवार के चार सदस्य शिकारी मार कर अपने साथ ले गये।'

हीरा हाथी बोला – 'लेकिन इसमें मेरा क्या कसूर है। मुझे भी तो जंगल से सर्कस वाले उठा कर ले गये थे। उस समय मैं बहुत छोटा था।'

किसी ने हीरा की बात नहीं सुनी और सब इधर उधर चले गये। हीरा नदी पर पानी पीकर वापस अपनी जगह पर आ गया।

उस जंगल में सभी जानवर बहुत प्यार से रहते थे। सब एक दूसरे की बातें मानते थे। एक दिन जंगल के राजा शेरसिंह ने सबको बुलाया और कहा – 'मेरे परिवार के लोगों मैं जानता हूं तुम सब मेरी बहुत इज्जत करते हो। लेकिन मैं अब बूढ़ा हो चुका हूं। इसलिये अब मैं तुम्हारी रक्षा नहीं कर सकता हूं। मुझे लगता है मैं ज्यादा दिन जीवित नहीं रह पाउंगा।'

सियार ने कहा – 'ये क्या कह रहे हो महाराज हम तो पूरे जंगल में आपके ही कारण निर्भय घूमते हैं।'

शेरसिंह ने आगे कहना शुरू किया – ''देखो मैं बहुत कमजोर हूं। मुझे पता लगा है कि दूसरे जंगल का शेर इस जंगल पर कब्जा करना चाहता है। वह बहुत धूर्त है। वह तुम लोगों का शिकार करना चाहता है। वह चाहता है कि यहां आये और हर दिन एक जानवर को मार कर अपने जंगल में ले जाये। वहां के सियार और चीते सब मिल कर उसका भोजन करें। इसलिये तुम्हें अब सावधान रहना होगा।'

यह सुनकर हिरण बोला – 'महाराज हमारी रक्षा कौन करेगा।'

शेरसिंह ने कहा – 'तुम सब मिल कर रहना। क्योंकि अब हमारे जंगल में कोई भी शेर नहीं बचा है जिसे में अपनी जगह दे सकूं।'

सभी जानवर बहुत परेशान हो गये। अगले दिन से सभी झुण्ड में निकलते थे। लेकिन एक दिन शेरसिंह मर गया। उसके मरने की खबर जब आसपास के जंगलों में पहुंची तो कई शेर उस जंगल पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

एक दिन पीछे वाले जंगल से एक शेर आया और एक हिरण को गरदन से उठा कर ले गया। इससे सभी जानवर बहुत डर गये।

हीरा हाथी को भी यह बात पता लगी। वह बिना किसी को बताये जहां से पिछला जंगल शुरू होता था। वहां जाकर खड़ा हो गया। कई दिन बीत गये। हीरा हाथी वहीं खड़ा रहा। सभी जानवर उसे देख रहे थे।

एक दिन वही शेर फिर से शिकार की तलाश में जंगल में घुसने की कोशिश करने लगा।

तभी पेड़ के पीछे से हीरा हाथी निकला उसने शेर की पूंछ को अपनी सूंड में लपेटा और शेर को चारो ओर घुमा दिया। फिर एक ओर फैंक दिया। हीरा हाथी के इस काम से शेर को बहुत चोट लगी। वह करहाता हुआ वापस भाग गया।

जंगल के सभी जानवर हीरा के आस पास इकट्ठा हो गये। सियार बोला – 'भाई तुमने हमारी जान बचा कर हम पर बहुत बड़ा एहसान किया है।''

हीरा हाथी बोला – 'एहसान कैसा आप सब मेरे घर के सदस्य हो। यह जंगल हमारा घर है। कोई भी मेरे घर में घुसने की कोशिश करेगा तो ऐसे ही मार खायेगा।'

सियार ने कहा – 'हमें माफ कर दो हमने तुम्हारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया। आज से तुम हमारे राजा हो।'

हीरा हाथी बहुत खुश हुआ वह अपनी सूंड उठा कर सबसे प्यार करने लगा।

उस दिन से जंगल में सभी उसके दोस्त थे। दूसरे जंगल वालों को जब यह बात पता लगी, तो वो कभी भी उस जंगल में घुसने की हिम्मत नहीं कर पाये।

## ईडी ने अगस्ता वेस्टलैंड के 'बिचौलिए' क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका का विरोध किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड 'घोटाले' से जुड़े धन शोधन मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका का विरोध किया। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वी-वीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित है। एजेंसी के वकील ने कहा कि हालांकि उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे अपराध में जेम्स को जमानत दे दी है, लेकिन धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामले में राहत देने के लिए दोहरे परीक्षण की संतुष्टि की आवश्यकता है। वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटिश नागरिक के देश छोड़कर भाग जाने का खतरा है और उसे प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए, क्योंकि वह जांच में शामिल नहीं हुआ। आरोपी की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल का पासपोर्ट की वैधता पहले ही समाप्त हो चुकी है, और धन शोधन विरोधी कानून के तहत अधिकतम सजा सात वर्ष है, जबकि जेम्स पहले ही छह वर्ष जेल में बिता चुका है। अदालत को यह भी बताया गया कि सीबीआई मामले में जेम्स को जमानत देने के शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसरण में, अधीनस्थ अदालत ने अभी तक उसकी रिहाई के लिए शर्तें तय नहीं की हैं। अदालत ने कहा, उन्हें इसे लिखने दीजिए। इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध कीजिए। अदालत ने प्रवर्तन विभाग (ईडी) के वकील से अगली तारीख पर अपना पक्ष रखने को कहा। उसने कहा, उच्चतम न्यायालय ने पहले ही इस अपराध में जमानत दे दी है। इसमें सीमित दलीलें होंगी। जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था और बाद में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

# महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 64 करोड़ के पार पहुंचा



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने कोने से श्रद्धालुओं का आगमन मंगलवार को भी जारी रहा और 1.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में स्नान के साथ डुबकी लगाने वालों की संख्या 64 करोड़ को पार कर गई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को शाम आठ बजे तक 1.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई और 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अभी तक 64.60 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों और महाकुंभ में स्नान के लिए आए संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होने की प्रेरणा देता है। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक गंगा और संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां डुबकी लगाने पहुंचे। नेपाल से भी 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं। अब तक डुबकी लगाने वालों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया।

### सुबह से शाम तक, सूर्यास्त से सूर्योदय तक... त्रिवेणी संगम पर चौबीसों घंटे होता है स्नान

प्रयागराज में गंगा नदी के तटों पर चौबीसों घंटे तीर्थयात्रियों की भीड़ लगी रहती है, पूजा सामग्री बेचने वाले तथा संगम स्थल पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हर जगह सुरक्षा कर्मचारी तैनात रहते हैं - त्रिवेणी संगम वह स्थान है जहां दिन और रात का अंतर नज़र नहीं आता। सुबह से शाम तक और आधी रात से भोर तक, इस पवित्र नगरी में मानवता के विशाल समागम में आध्यात्मिक स्नान का चक्र बिना रुके चलता रहता है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक उत्सव महाकुंभ का बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम 'स्नान' के साथ समापन हो जाएगा। अब हर समय महाकुंभ मेला क्षेत्र में लोगों के सैलाब को आता-जाता देखा जा सकता है। कई लोग पवित्र डुबकी के लिए दिन के समय होने वाली भारी भीड़ से बचने के लिए रात का वक्त चुनते हैं।

### महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व पर रोडवेज कर रहा 4500 बसों का संचालन

महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि से पहले उमड़े जन सैलाब को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 4500 बसों का संचालन कर रहा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उप्र रोडवेज श्रद्धालुओं को सकुशल और सुव्यवस्थित ढंग से उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पूरी तन्मयता से लगा हुआ है तथा महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के लिए रोडवेज 4500 बसों का संचालन कर रहा है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रयागराज परिक्षेत्र) एम के त्रिवेदी ने बताया, प्रदेश के सभी मार्गों के लिए बसों का पूरा इंतजाम कर लिया गया है। इसके लिए 3050 बसों का आवंटन हुआ है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पूर्व प्रधान न्यायाधीश ललित ने संसदीय समिति के समक्ष एक साथ चुनाव कराने के लिए सुझाव दिये

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित ने मंगलवार को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (ओएनओई) के लिए दो विधेयकों का अध्ययन कर रही संयुक्त संसदीय समिति को चरणबद्ध तरीके से एक साथ चुनाव कराने समेत कई सुझाव दिए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति ललित ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा सैद्धांतिक रूप से अच्छी है, लेकिन इसके सुचारू क्रियान्वयन के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ललित के अलावा, भारतीय विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष ऋतुराज अवस्थी ने भी अपने विचार साझा किए। समिति ने विशेषज्ञों और हितधारकों से परामर्श करना शुरू कर दिया है।

### उच्चतम न्यायालय ने बिहार विधान परिषद से राजद नेता सुनील कुमार सिंह का निष्कासन रद्द किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विधान परिषद के सदस्य तथा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता सुनील कुमार सिंह का, ''अशोभनीय आचरण'' के लिये सदन से निष्कासन मंगलवार को यह कहते हुये रद्द कर दिया कि यह सजा अत्यधिक है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि बिहार विधान परिषद (बीएलसी) को और अधिक उदार होना चाहिये था और कहा कि राजनीतिज्ञ का आचरण परिषद के सदस्य के लिए ''अनुचित'' था

### न्यायालय ने कर्नाटक पुलिस को लक्ष्य सेन के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से रोका

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कर्नाटक पुलिस को बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, उनके परिवार के सदस्यों और कोच के खिलाफ जन्म प्रमाणपत्र में जालसाजी के आरोपों पर कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता एम जी नागराज को नोटिस जारी किया, जिन्होंने आरोप लगाया था कि सेन और उनके भाई चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र जाली हैं। शीर्ष अदालत कर्नाटक उच्च न्यायालय के 19 फरवरी के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सेन, उनके परिवार के सदस्यों और उनके कोच यू विमल कुमार द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था।

### पाकिस्तान की जेल से रिहा 22 भारतीय मछुआरे गुजरात पहुंचे

**अहमदाबाद :** पाकिस्तान की कराची जेल से रिहा किए गए 22 भारतीय मछुआरे मंगलवार को गुजरात के गिर सोमनाथ पहुंचे और उन्होंने स्वदेश लौटने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि पाकिस्तान की जेलों में बंद अन्य भारतीय मछुआरों की रिहाई की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। ये 22 मछुआरे अप्रैल 2021 से दिसंबर 2022 के बीच अरब सागर में गुजरात तट के पास मछली पकड़ते समय पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किए गए थे।

## शराब नीति के कारण दिल्ली सरकार को 2,000 करोड़ रुपये का घाटा हुआ : कैग रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को पेश की गई भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली सरकार को 2021-2022 की आबकारी नीति के कारण 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा हुआ है। इसके लिए कमजोर नीतिगत ढांचे से लेकर आबकारी नीति के कार्यान्वयन में त्रुटी सहित कई कारण जिम्मेदार थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली नयी सरकार द्वारा पेश की जाने वाली पिछली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रदर्शन पर 14 में से एक रिपोर्ट में लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में उल्लंघनों को भी चिह्नित किया गया है। इसमें बताया गया है कि अब समाप्त हो चुकी नीति के निर्माण में बदलाव सुझाने के लिए गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया था। चुनाव से पहले चर्चा का विषय बने कथित शराब घोटाले पर रिपोर्ट में 941.53 करोड़ रुपये के राजस्व के नुकसान का दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ''गैर अनुरूप नगरपालिका वार्ड'' में शराब की दुकानें खोलने के लिए समय पर अनुमति नहीं ली गई। गैर अनुरूप क्षेत्र वे क्षेत्र हैं जो शराब की दुकानें खोलने के लिए भूमि उपयोग मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। मुख्यमंत्री द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है, ''आबकारी विभाग को इन क्षेत्रों से लाइसेंस शुल्क के रूप में लगभग 890.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि नीति वापस लेने और विभाग द्वारा फिर से निविदा जारी करने में विफलता के कारण इन क्षेत्रों से लाइसेंस शुल्क लिया गया।''

## मध्य प्रदेश को निवेशक सम्मेलन में 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले: मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल :** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश को दो दिन के निवेशक शिखर सम्मेलन में रिकॉर्ड 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने आठवें मध्य प्रदेश निवेशक शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में कहा, ''अबतक हमने 30.77 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।'' शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए मध्य प्रदेश को शीर्ष गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। और राज्य को बड़ी कंपनियों से निवेश प्रस्ताव भी मिले। सोमवार को शुरू हुए मध्य प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर




सम्मेलन के पहले दिन गौतम अदाणी की अगुवाई वाले अदाणी समूह, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी समेत 10 से अधिक कंपनियों ने मध्यप्रदेश में करीब चार लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई। अदाणी ने पंप भंडारण, सीमेंट, खनन, स्मार्ट-मीटर और तापीय ऊर्जा में 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की, जबकि रिलायंस ने राज्य में जैव ईंधन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।

## न्यूज अपडेट

### जुपी और स्टैन ने कोलकाता में 'लूडो फैस्ट 2025' का किया आयोजन



कोलकाता, समाज्ञा : भारत के प्रमुख ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म जुपी ने स्टैन के साथ मिलकर 22 फरवरी को कोलकाता के कलकत्ता बोटिंग एंड होटल रिसॉर्ट्स में 'लूडोफेस्ट 2025' का आयोजन किया। इस खास गेमिंग इवेंट में 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें गेमिंग फैंस, 150 से ज्यादा प्रमुख क्रिएटर्स और ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 500 खिलाड़ियों वाला लूडो टूर्नामेंट था, जिसमें प्रतिभागियों ने लाखों रुपये के पुरस्कार के लिए मुकाबला किया। यह स्किल-बेस्ड गेम्स के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में एल्विश यादव, जीशु सेनगुप्ता और 100 से अधिक क्षेत्रीय प्रभावशाली हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। स्टैन के सह-संस्थापक और सीओओ, नौमान मुल्ला ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत के गेमिंग समुदाय को मजबूत करना है, और लूडोफेस्ट 2025 इसकी एक बेहतरीन मिसाल है।

### ग्लोब टेक्सटाइल्स ने तीसरी तिमाही में 53.7% लाभ और 46.2% रेवेन्यू वृद्धि की दर्ज

कोलकाता, समाज्ञा : ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड ने अपनी तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की, जिसमें 46.2% की साल दर साल वृद्धि के साथ 15,159.21 लाख का रेवेन्यू दर्ज किया। कंपनी ने इस अवधि में 291.42 लाख का नेट प्रोफिट भी हासिल किया, जो पिछले वर्ष के 189.55 लाख से 53.7% अधिक है। नौ महीनों के लिए रेवेन्यू 42,397.79 लाख हो गया, जो 20.8% की वृद्धि को दर्शाता है। इस दौरान 4,504 लाख के राइट्स इश्यू को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिससे निवेशकों का विश्वास स्पष्ट हुआ। ग्लोब डेनवॉश के अधिग्रहण ने भी कंपनी की विकास दर को बढ़ाया। कंपनी सस्टेनेबिलिटी, उत्पाद विकास और नए बाजारों के विस्तार पर जोर देते हुए, फैशन-आधारित टॉप्स के लिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

### छत्तीसगढ़ में छह वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में 33,734 लोगों की मौत हुई : सरकार

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में पिछले छह वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में 33,700 से अधिक लोगों की मौत हुई है तथा 70,255 लोग घायल हुए हैं। राज्य सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, 2019 से 2024 तक 79,523 सड़क दुर्घटनाओं में 33,734 लोगों की जान चली गई और 70,255 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस सवाल के जवाब में साय ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मुफ्त जांच और उपचार उपलब्ध है। इसी तरह आयुष्मान भारत कार्ड धारकों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायलों सहित विभिन्न बीमारियों की मुफ्त जांच और उपचार की सुविधा निर्धारित सीमा के भीतर है। उन्होंने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने 25 फरवरी, 2022 को अधिसूचना जारी कर सड़क दुर्घटनाओं में 'हिट एंड रन' मामलों के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए एक नयी योजना अधिसूचित की है।

### रेलवे महाशिवरात्रि पर प्रयागराज से 350 से अधिक ट्रेन चलाएगा: मंत्रालय

नयी दिल्ली : रेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि महाशिवरात्रि पर अंतिम अमृत स्नान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से प्रयागराज महाकुंभ में पहुंच रहे तीर्थयात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं। मंत्रालय की ओर से जारी किये गये बयान में कहा गया है, ''महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी को है, ऐसे में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान करने के लिए प्रयागराज में एकत्रित हुए हैं।'' बयान में कहा गया है कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षित और आरामदेह वापसी के लिए कुल 350 ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो दिनों-- रविवार और सोमवार को बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड में स्टेशनों पर अंतिम अमृत स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही।

## छत्तीसगढ़ : जेलों में बंद 18,500 कैदियों ने प्रयागराज से लाए गए जल से किया पवित्र स्नान

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की 33 जेलों में बंद लगभग 18,500 कैदियों ने प्रयागराज से लाए गए त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से मंगलवार को स्नान किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की पांच केंद्रीय जेलों, 20 जिला जेलों और आठ उप जेलों समेत सभी 33 जेलों में स्थापित 'कुंड' (टैंक) में आज सुबह 'पुण्य स्नान' शुरू हुआ। उप महानिरीक्षक (जेल) एसएस तिग्गा ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि राज्य की सभी 33 जेलों में बंद करीब 18,500 कैदी आज सुबह से गंगा नदी के पवित्र जल से महाकुंभ का पवित्र स्नान कर रहे हैं। तिग्गा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा गंगा नदी



का पवित्र जल लेकर आए थे, जिसे आज के कार्यक्रम के लिए सभी जेलों में वितरित किया गया। शर्मा के पास गृह विभाग भी है। उन्होंने बताया कि स्नान से कैदियों में काफी उत्साह था और वे 'हर-हर गंगे' के नारे लगा रहे थे। वे राज्य सरकार द्वारा उनके लिए की गई व्यवस्था से खुश हैं। उन्होंने बताया कि पवित्र स्नान करने के बाद कैदियों ने अधिकारियों को धन्यवाद दिया। रायपुर केंद्रीय जेल में बंद कैदियों में से एक घासीराम यादव ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमें मां गंगा नदी के जल से पवित्र स्नान करने का अवसर मिला।

## ओडिशा : सरकारी छात्रावास में 10वीं कक्षा की छात्रा ने शिशु को जन्म दिया, प्रधानाध्यापक निलंबित

**मलकानगिरी :** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में एक सरकारी आवासीय स्कूल के छात्रावास में 10वीं कक्षा की एक छात्रा द्वारा एक बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद मंगलवार को संस्थान के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद मलकानगिरी जिला प्रशासन ने छात्रावास की संचालिका सुचित्रा चर्ची को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया और एक एएनएम को निलंबित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को बोर्ड परीक्षा देने के बाद छात्रावास लौटने पर छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास और अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्कूल के प्रधानाध्यापक ने कहा, कन्या छात्रावास में पुरुषों का प्रवेश वर्जित है। हमें नहीं पता कि छात्रा कैसे गर्भवती हुई। प्रधानाध्यापक के अनुसार, स्वास्थ्य कर्मियों को छात्रावास में रहने वाली सभी छात्राओं की साप्ताहिक जांच करनी होती है। यह घटना दिखाती है कि स्वास्थ्य कर्मी अपना काम ठीक से नहीं कर रही थी। अधिकारियों के मुताबिक, छात्रा और उसके बच्चे को चित्रकोंडा के उप-मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मलकानगिरी जिला मुख्यालय अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि छात्रा ने गर्भावस्था के आठवें महीने में समय-पूर्व शिशु को जन्म दिया।

## महाकुंभ: हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके परिवार ने संगम में लगाई डुबकी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के तहत त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ हमारी समृद्ध संस्कृति और सदियों पुरानी परंपराओं में आस्था का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही विशिष्ट रही है। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों की खुशहाली और समृद्धि की भी कामना की।

## सदन में आप का हंगामा, 21 विधायक तीन बैठकों के लिए निलंबित

**नयी दिल्ली :** विधानसभा में मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान आप विधायकों ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री के कक्ष से डॉ. भीमराव अंबेडकर व शहीद भगत सिंह के फोटो हटाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायकों से कई बार शांत रहने की गुजारिश की, लेकिन शोर-शराबा नहीं थमा। इससे नाराज होकर गुप्ता ने अभिभाषण के दौरान ही आप के 21 विधायकों को सदन की तीन बैठकों के लिए निलंबित कर दिया। अब नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत 21



विधायक सोमवार तक सत्र में शामिल नहीं हो सकेंगे। इस दौरान आप विधायक अमानतुल्लाह खान सदन में मौजूद नहीं थे। ऐसे में आगामी बैठकों में अब विपक्ष की तरफ से सिर्फ उन्हें ही बैठने की इजाजत विपक्ष की तरफ से होगी। इधर, निलंबन के बाद विपक्ष ने विधानसभा परिसर स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरना देकर जमकर नारेबाजी की। इससे पहले सदन में आप विधायकों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जानबूझकर इन महापुरुषों की तस्वीरों को हटा दिया है, जो न केवल असांविधानिक है, बल्कि असंवेदनशील भी है।

## रेल मंत्री वैष्णव ने एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में प्रमुख रेलवे और आईटी पहलों की घोषणा की

4 केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज गुवाहाटी में आयोजित एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन में भाग लिया तथा एक सत्र के दौरान व्याख्यान दिया। इस सत्र के दौरान असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा तथा असम के कई वरिष्ठ मंत्री उपस्थित थे। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव, पूसीरे के महाप्रबंधक (निर्माण) अरुण कुमार चौधरी तथा वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे। रेल मंत्री ने रेलवे तथा आईटी उद्योगों से संबंधित कई नई पहलों और




परियोजनाओं की घोषणा की, जो असम में विकास को काफी बढ़ावा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के विकास का 'नया इंजन' है। बोडोलैंड समझौते के तहत एक प्रमुख प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए बोडोलैंड के बांसबारी में एक नया मेगा रेलवे कारखाना स्थापित किया जाएगा, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त, रेलवे संचालन और अनुरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लामडिंग में इंजनों के लिए एक समर्पित मिड-लाइफ पुनर्निर्माण संयंत्र स्थापित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि गुवाहाटी रेलवे स्टेशन एक विश्व स्तरीय सुविधा में तब्दील होने के दौर से गुजर रहा है, जिसमें तकनीकी नवाचार और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 12 मंजिला आईटी पार्क शामिल है। असम में अगले 10 महीनों के भीतर दो अमृत भारत ट्रेनें भी शुरू होंगी। इसके अलावा गुवाहाटी से सिलचर और अगरतला के लिए दो नई इंटरसिटी ट्रेन सेवाएं भी शुरू की जाएगी। रेलवे कनेक्टिविटी और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चिकन नेक कॉरिडोर के चौगुनी लाइन के निर्माण पर कार्य किया जाएगा।

## दिल्ली से जयपुर का सफर सिर्फ 30 मिनट में! देश का पहला हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक तैयार, 1100 किमी प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ेगी ट्रेन

- 1100 किमी की रफ्तार से चलेगी हाइपरलूप ट्रेन
- बुलेट ट्रेन की टॉप स्पीड 450 किमी होती हैं

**नयी दिल्ली :** भारत के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम में एक बड़ी क्रांति आने वाली है। देश की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक पूरी तरह से तैयार है और इसका वीडियो खुद रेल मंत्रालय ने जारी कर ये साफ किया कि भारत हाई-स्पीड ट्रांसपोर्ट सिस्टम की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा चुका है।

यह ट्रैक 422 मीटर लंबा है और इसे खखढ मद्रास ने तैयार किया है।



इस परियोजना को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे ने आईआईटी मद्रास को आर्थिक मदद प्रदान की है।

**क्या है हाइपरलूप**

हाइपरलूप एक ऐसी तकनीक है, जिसमें ट्रेन को एक खास ट्यूब में टॉप स्पीड पर चलाया जाता है। इस तकनीक की मदद से लोगों को बहुत तेज और सुरक्षित यात्रा का अनुभव होगा। ट्रायल सफल रहने के बाद यह तकनीक भारत के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को पूरी तरह से बदल सकती है।हाइपरलूप एक हाई-स्पीड ट्रांसपोर्ट सिस्टम है, जिसमें पॉड्स को वैक्यूम ट्यूब के भीतर चुंबकीय तकनीक पर चलाया जाता है। घर्षण और वायुगतिकीय दबाव नहीं होने के कारण होता पॉड्स 1100 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकते हैं। इस प्रणाली में ऊर्जा खपत बेहद कम होती है और यह लगभग शून्य प्रदूषण पैदा करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### तेंदुलकर के 34 रन, इंडिया मास्टर्स ने इंग्लैंड मास्टर्स को नौ विकेट से रौंदा

**नवी मुंबई:** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने 21 गेंद में 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने मंगलवार को यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में इंग्लैंड मास्टर्स को नौ विकेट से हराया। डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए।

### इमरान ने भारत से पाकिस्तान की हार पर गहरा दुख जताया, बहन अलीमा ने कहा

**इस्लामाबाद:** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान के अनुसार यह पूर्व कप्तान चैंपियन्स ट्रॉफी में अपने देश की क्रिकेट टीम के प्रदर्शन से दुखी है। मेजबान पाकिस्तान कराची में न्यूजीलैंड और दुबई में भारत से बड़ी हार के बाद आठ टीमों की चैंपियन्स ट्रॉफी से बाहर होने वाली शुरुआती टीमों में शामिल रहा। इमरान से मुलाकात के बाद अलीमा ने रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर मीडिया से कहा, 'पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक ने भारत के खिलाफ मैच हारने पर गहरा दुख जताया है।' अलीमा ने कहा कि 1992 विश्व कप में खिताबी जीत के दौरान पाकिस्तान की कप्तानी करने वाले पूर्व करिश्माई क्रिकेटर इमरान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की क्रिकेट संबंधी साख पर भी सवाल उठाए। अलीमा ने कहा, 'इमरान ने कहा कि जब अपने पसंदीदा लोगों को निर्णय लेने का अधिकार दिया जाएगा तो क्रिकेट अंततः नष्ट हो जाएगा।'

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड को शूटआउट में हराया

## भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रत्येक सदस्य को नीदरलैंड को हराने के लिए एक एक लाख रुपये मिलेंगे



**भुवनेश्वर:** भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड को शूटआउट में 2-1 से हराया और एफआईएच प्रो लीग के अपने घरेलू चरण का अंत जीत के साथ किया। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थीं। पीन सैंडर्स (17वें मिनट) और फेय वैन डेर एल्स्ट (28वें मिनट) ने मध्यांतर तक नीदरलैंड को 2-0 की बढ़त दिला दी थी लेकिन भारत ने दीपिका (35वें मिनट) और बलजीत कौर (43वें मिनट) के शानदार गोल की मदद से वापसी करते हुए बराबरी हासिल कर ली। शूटआउट में दीपिका और मुमताज खान ने भारत के लिए गोल किया जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड के लिए मारिन वीन गोल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने विरोधी टीम के कम से कम चार अच्छे प्रयासों को नाकाम करते हुए मेजबान टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मेजबान टीम सोमवार को पहले चरण में नीदरलैंड से 2-4 से हार गई थी। पंद्रह फरवरी से घरेलू चरण में खेले गए आठ मैचों में भारत ने मंगलवार के मैच सहित तीन जीते और पांच गंवाए। भारत ने एक मैच शूटआउट में गंवाया। भारत को शूट आउट में मिली जीत के लिए बोनस अंक मिला जिससे टीम एफआईएच प्रो लीग तालिका में सात मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। इग्लैंड की टीम सात मैच में 16 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है।

## भारत ने घरेलू चरण का अंत इंग्लैंड पर 2-1 की जीत के साथ किया



**भुवनेश्वर:** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां इंग्लैंड को 2-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण का सकारात्मक अंत किया। सोमवार को पहले चरण में भारतीय टीम रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड से 2-3 से हार गई थी। हालांकि मेजबान टीम ने मंगलवार को कलिंगा स्टेडियम में घरेलू चरण के अंतिम मैच में जोरदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। हरमनप्रीत ने 26वें और 32वें मिनट में गोल किए जबकि कोनोर विलियमसन ने 30वें मिनट में इंग्लैंड के लिए गोल दागा। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। हालांकि भारत ने इंग्लैंड के डिफेंस को भेदने की पूरी कोशिश की। दूसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जिसके बाद विलियमसन ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि घरेलू टीम और उसके प्रशंसकों की खुशी उस समय बढ़ गई जब कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर भारत को 2-1 से बढ़त दिला दी। भारत ने मैच के बाकी बचे समय में अपनी बढ़त बनाए रखी और जीत हासिल की तथा अपने घरेलू चरण के अभियान को पांच जीत और तीन हार के साथ समाप्त किया।

## अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे इंग्लैंड और अफगानिस्तान



**लाहौर:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा स्कोर खड़ा करने के बावजूद हार का सामना करने से आहत इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए बुधवार को यहां अफगानिस्तान की स्पिन चुनौती की कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। इंग्लैंड और अफगानिस्तान को अपने पहले मैच में पराजय का सामना करना पड़ा था और इसलिए दोनों टीमों के लिए यह मैच करो या मरो जैसा बन गया है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच जीते थे। इंग्लैंड का सीमित ओवरों की क्रिकेट में दबदबा अब बीते दिनों की बात हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगर उसके बल्लेबाज चले तो गेंदबाजों ने निराश किया जो 350 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। जहां तक पहले मैच में इंग्लैंड की बल्लेबाजी का सवाल है तो यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाज इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पहले मैच में उसके अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाया। इसलिए देखा जाए तो इंग्लैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में स्पिन गेंदबाजों को खेलने में काफी परेशानी हुई थी। अफगानिस्तान के पास राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी जैसे विश्वस्तरीय स्पिनर हैं जो किसी भी तरह की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशानी में डालने में सक्षम हैं। यहां की पिच से धीमी गति के गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है और ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

## पाकिस्तान के जल्दी बाहर होने से पीसीबी निराश और नाराज, लेकिन टूर्नामेंट के अंत तक कोई कार्रवाई नहीं

**कराची:** चैंपियन्स ट्रॉफी से राष्ट्रीय टीम के जल्दी बाहर होने से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में काफी निराशा और नाराजगी है लेकिन उसने नौ मार्च को टूर्नामेंट के अंत तक टीम के मामलों पर चुप रहने का फैसला किया है। पीसीबी के एक करीबी सूत्र ने कहा कि अधिकारी टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से आहत हैं, विशेषकर पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ। सूत्र ने कहा, 'लेकिन बड़े परिदृश्य को देखते हुए जो चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी है और यह सुनिश्चित करना है कि यह मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सकारात्मक प्रचार लाए, टीम के प्रदर्शन पर अभी कुछ भी नहीं कहने का फैसला किया गया है।' सूत्र ने कहा कि आंतरिक रूप से टीम, चयन या भविष्य की योजनाओं पर चर्चा नहीं करने पर सहमति बनी है क्योंकि यह केवल टूर्नामेंट से ध्यान भटकाएगा और पाकिस्तान क्रिकेट के लिए 'नकारात्मक सुर्खियां' लाएगा। सत्र ने कहा, 'बोर्ड नेतृत्व को भी अहसास है कि प्रतियोगिता में टीम में लचर प्रदर्शन के लिए कोई बहाना या बचाव नहीं दिया जा सकता है।' सूत्र ने बताया कि पीसीबी चैंपियन्स ट्रॉफी की सफल मेजबानी को पाकिस्तान में और अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को लाने के प्रवेश द्वार के रूप में देखता है, भले ही टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार हासिल करने के लिए उसे कई बाधाओं का सामना करना पड़ा हो।

## जेस जोनासेन का अर्धशतक, दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया



**बेंगलुरु:** दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी के बाद जेस जोनासेन (नाबाद 61 रन) के अर्धशतक की मदद से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 29 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी की और गुजरात जायंट्स का शीर्ष क्रम ध्वस्त कर उसे महज नौ विकेट पर 127 रन बनाने दिए। फिर कप्तान मेग लैनिंग की टीम ने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 131 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें जोनासेन ने 32 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और दो छक्के जमाये। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 27 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से 44 रन का योगदान दिया। जोनासेन और शेफाली ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 74 रन की साझेदारी निभाई। इस जीत से दिल्ली कैपिटल्स की टीम छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

## रावलपिंडी में बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रद्द

**रावलपिंडी:** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का मैच मंगलवार को लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया जिससे ग्रुप बी की इन दो टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। खराब मौसम के कारण टॉस भी नहीं हो सका। हालात और खराब होते देख मैच अधिकारियों ने निर्धारित समय से तीन घंटे से कुछ अधिक समय बाद खेल रद्द कर दिया। दोनों टीमों ने ग्रुप बी में अपना पहला मैच जीता था। खेल का कट-ऑफ समय शाम सात बजकर 32 मिनट पर था लेकिन मौसम में कोई सुधार नहीं होने के कारण अधिकारियों ने बहुत पहले ही फैसला कर लिया। मैच रद्द होने के कारण दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया को एक-एक अंक मिले जिसका मतलब है कि बुधवार को इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला लगभग नाकआउट हो गया है जिसमें हारने वाली टीम आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर होने वाली तीसरी टीम बन जाएगी। टूर्नामेंट के मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने क्रमशः इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच जीता था। दिलचस्प बात यह है कि चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के पिछले आठ मैच में यह उसका चौथा मुकाबला रद्द किया गया है। अब वह 28 फरवरी को लाहौर में अफगानिस्तान से खेलेगा जबकि अगले दिन दक्षिण अफ्रीका का सामना कराची में इंग्लैंड से होगा। ग्रुप ए में सेमीफाइनल पहले ही तय हो चुके हैं जिसमें भारत और न्यूजीलैंड दो-दो मैच जीतकर आगे बढ़ चुके हैं।

## अमला ने गिल की तारीफ की, कहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कमाल करेंगे



**नवी मुंबई:** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने मंगलवार को भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऋषभ पंत और रेयान रिकेल्टन के साथ भविष्य का अगला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया जिनकी वनडे में शानदार शुरूआत हुई है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के उप-कप्तान बनाये गए 25 वर्षीय गिल ने 2023 में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने के बाद टूर्नामेंट के पहले दिन बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच विजयी शतक के साथ शुरुआत की और पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण 46 रन बनाये जिससे भारत ने दुबई में दो मैचों में जीत हासिल की।

# समाज्ञा व्यापार

## असम को मिलेंगे एशिया के सबसे बड़े चार 'हाइपरस्केल' डेटा सेंटर: सिंधिया



**गुवाहाटी:** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि केंद्र असम में चार हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने की योजना बना रहा है, जो एशिया में सबसे बड़े होंगे। उन्होंने 'एडवांटेज असम' व्यापार शिखर सम्मेलन में एक तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में दूरसंचार और आईटी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 400 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'पूर्वोत्तर में पहले डेटा सेंटर का उद्घाटन पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। हम 5जी नेटवर्क के साथ असम में एशिया के चार सबसे बड़े हाइ-परस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने पर भी विचार कर रहे हैं। इनका आकार 10 लाख वर्ग फुट होगा।'

# असम की अर्थव्यवस्था 2030 तक 143 अरब अमेरिकी डॉलर की होगी: हिमंत



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि 2030 तक असम की अर्थव्यवस्था 143 अरब डॉलर की हो जाएगी। उन्होंने निवेशकों से राज्य की विकास यात्रा हिस्सा बनने का आग्रह भी किया। यहां दो दिवसीय 'एडवांटेज' असम 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य अब ''सबसे अशांत' से 'सबसे शांत'' राज्य बन गया है। उन्होंने दावा किया, ' इस साल राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 15.2 प्रतिशत होगी। यह 2030 तक 143 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।' शर्मा ने 60 से अधिक देशों के मिशन प्रमुखों और राजदूतों, विदेशी व्यापार प्रतिनिधिमंडलों और देश के उद्योग जगत के नेताओं की मौजूदगी में कहा, 'मैं आज आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि हम असम में उद्योगों की स्थापना के लिए सबसे अच्छा काम और अनुकूल माहौल सुनिश्चित करेंगे। कृपया यहां आएं और निवेश करें।' उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद से राज्य में पुनरुत्थान देखा गया है। मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद असम की अर्थव्यवस्था में गिरावट शुरू हो गई क्योंकि व्यापार संबंध बाधित हो गए... दशकों तक असम ने आंदोलन और उग्रवाद देखा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में असम का पुनर्जन्म हुआ। एक समय सबसे अशांत राज्य, असम आज सबसे शांत राज्यों में से एक बन गया।' शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी राज्यों को निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### महाराष्ट्र सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 12 प्रतिशत बढ़ाया

**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 5वें वेतन आयोग के अपरिवर्तित वेतनमान के तहत 12 प्रतिशत की वृद्धि की, जो एक जुलाई, 2024 से प्रभावी है। सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, डीए को 443 प्रतिशत से संशोधित कर 455 प्रतिशत किया या है। इसका भुगतान फरवरी, 2025 के वेतन के साथ नकद में किया जाएगा, जिसमें एक जुलाई 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक का बकाया भी शामिल है। राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डीए बढ़ोतरी से लगभग 17 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। आदेश में कहा गया है कि संशोधित महंगाई भत्ते पर होने वाले खर्च को सरकारी कर्मचारियों के लिए संबंधित वेतन और भत्ते के मद में आवंटित बजटीय प्रावधानों से पूरा किया जाएगा। अनुदान प्राप्त संस्थाओं और जिला परिषद कर्मचारियों के लिए व्यय को उनकी वित्तीय सहायता के लिए निर्दिष्ट उप-शीर्षों के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा।

### सरकार ने रोजगार बढ़ाने के लिए कंपनियों से कौशल केंद्र स्थापित करने को कहा

**कोलकाता:** केंद्र ने कॉरपोरेट जगत से अपने यहां कौशल केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया है, ताकि स्नातक कर रहे युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार हो। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में कुशल युवाओं की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। वर्ष 2024 में शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत पायलट चरण में 1.25 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को कुशल बनाने का लक्ष्य है। मुखर्जी ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा,''कंपनियों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक है और इसकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। कंपनियों को अपने यहां कौशल प्रकोष्ठ स्थापित करने चाहिए, ताकि रोजगार योग्य कार्यबल बढ़ सके।'' पीएमआईएस के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम को सुविधाजनक बनने के लिए इसे कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) का हिस्सा बनाया गया है।

### इंडिगो दिल्ली-बैंकॉक मार्ग पर बड़े आकार वाले बोइंग 787-9 विमान का परिचालन करेगी

**नयी दिल्ली:** इंडिगो एक मार्च से दिल्ली-बैंकॉक मार्ग पर पट्टे पर लिए गए बड़े आकार वाले बोइंग 787-9 विमान का परिचालन शुरू करेगी। इसके अलावा एयरलाइन और अधिक विमानों को पट्टे पर लेने के मौकों की तलाश करेगी। बढ़ती हवाई यातायात मांग को पूरा करने के लिए, एयरलाइन ने ए-321 एक्सएलआर, जिनकी रेंज अधिक है और ए-350 की डिलिवरी लेने से पहले अस्थायी रूप से नॉर्स अटलांटिक से एक बोइंग 787-9 विमान को शामिल किया है। इंडिगो ने एक महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजना शुरू की है और उसके द्वारा अगले वित्त वर्ष में ए-321 एक्सएलआर और वर्ष 2027 में बड़े आकार के ए-350 विमान को शामिल करने की उम्मीद है। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि भारत के विमानन क्षेत्र में तेज बदलाव हो रहे हैं, इसलिए यात्रा मांग में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए इंडिगो इस विस्तार का नेतृत्व करने के लिए बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'बड़े आकार के विमान' का हमारे बेड़े में जल्दी शामिल होना, हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। दिल्ली और बैंकॉक के बीच शुरू करते हुए, हम गर्मियों के मध्य से यूरोप में स्थानांतरित होने का इरादा रखते हैं।'

## पांच दिन की गिरावट के बाद सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा, निफ्टी मामूली नुकसान में

**मुंबई:** बीएसई सेंसेक्स में मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और मानक सूचकांक 147 अंक के लाभ में रहा। वित्तीय और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 330.67 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 17 शेयर लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में हालांकि छठे दिन गिरावट जारी रही और यह मामूली 5.80 अंक यानी 0.03 प्रतिशत फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंतिम घंटे में औषधि, धातु और आईटी शेयरो में बिकवाली से निफ्टी नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : अमित शाह



**भोपाल:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) वर्ष 2027 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शाह यहां दो दिन के निवेशक शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। निवेशक सम्मेलन में 30.77 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं और 130 करोड़ लोगों के सामने देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने और 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। मेरा मानना है कि दो दिवसीय शिखर सम्मेलन इस मिशन को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों के लिए निवेश और अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए पहली आवश्यकता एक स्थिर और शक्तिशाली सरकार होता है। मध्यप्रदेश में ऐसी ही सरकार है। गृह मंत्री ने कहा, 'मध्यप्रदेश में एक मजबूत बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट पारिस्थितिकी तंत्र, भूमि, जनशक्ति, कुशल कार्यबल और अन्य जरूरी चीजें हैं।' शाह ने आगे कहा कि शिखर सम्मेलन ने स्थानीय और वैश्विक निवेश आयाम हासिल किए।

## भारत, ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों के लिए फायदेमंद: ब्रिटेन के व्यापार मंत्री



**नयी दिल्ली:** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने मंगलवार को यह बात कही। भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को एफटीए के लिए बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। इससे अगले 10 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना या तिगुना होने की उम्मीद है, जो फिलहाल 20 अरब अमेरिकी डॉलर है। रेनॉल्ड्स ने समझौते के बारे में चर्चा करने के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। भारतीय मंत्री के साथ दो दिवसीय वार्ता पूरी करने के बाद रेनॉल्ड्स ने कहा, ''यह समझौता वास्तव में दोनों देशों के लिए फायदेमंद है। यह संभव है। इसके लिए हम बहुत मेहनत कर रहे हैं।'' उन्होंने इसे महत्वपूर्ण समझौता बताते हुए कहा कि अगर इसे सही तरीके से लागू किया जाए, तो इससे वास्तविक बदलाव होंगे। दोनों देशों के बीच एफटीए पर बातचीत आठ महीने बाद फिर शुरू हो रही है। रेनॉल्ड्स ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'हमने जो प्रगति की है, उससे मैं बहुत उत्साहित हूं।' दोनों देश तीन अलग-अलग मोर्चों-एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और दोहरे कराधान से बचने के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की भारी मांग है। गोयल ने कहा कि एफटीए को लेकर दोनों देशों में उत्साह है और इससे हमारे व्यापार संबंध और मजबूत होंगे।

### आईसीएआई 15,000 और चार्टर्ड अकाउंटेंट को कृत्रिम मेधा पर प्रशिक्षित करेगा

**नयी दिल्ली:** सनदी लेखाकारों (सीए) का शीर्ष संगठन आईसीएआई 15,000 और सीए को कृत्रिम मेधा (एआई) पर प्रशिक्षण देगा। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने प्रौद्योगिकी को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है और इसकी एआई पर एक समिति भी है। संस्थान एआई पर एक वर्षीय सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी संचालित करता है और 12,000 चार्टर्ड अकाउंटेंट को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4161 अंक 311, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in